सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-362 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 13 जून 2024
06 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# अरुणाचल प्रदेश के फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे पेमा खांडू

- भाजपा विधायक दल की बैठक में चुने गए नेता




**ईटानगर।** राज्य में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में फिर से चुने जाने के बाद पेमा खांडू अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल के लिए तैयार हैं। खांडू सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल केटी परनायक से मिलेंगे।

खांडू अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ गुरुवार सुबह शपथ लेंगे, जो राज्य में उनके नेतृत्व की निरंतरता को दर्शाता है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तरुण चुघ को पर्यवेक्षक के रूप में भेजा गया था। अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीटें जीतकर भारी जीत हासिल की। राज्य में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में नेशनल पीपुल्स पार्टी ने पांच सीटें जीतीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने तीन सीटें जीतीं, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो सीटें जीतीं, एक कांग्रेस ने और तीन सीटें निर्दलीय ने जीतीं। संगीत के शौकीन पेमा खांडू पिछले कुछ वर्षों में अरुणाचल प्रदेश में एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं, विशेषकर 2016 में पैदा हुए उस संवैधानिक संकट के बाद जिसके कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा था। खांडू कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी छवि बनाने में भी सफल रहे हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। खांडू की राजनीतिक यात्रा एक व्यक्तिगत त्रासदी के बीच शुरू हुई। उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दोर्जी खांडू का 2011 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था। पेमा खांडू वर्ष 2000 में कांग्रेस में शामिल हुए और विभिन्न पदों पर रहे।

# दक्षिण कुवैत की एक इमारत में भीषण आग से 41 की मौत

- मृतकों में कई भारतीय शामिल
- जयशंकर ने जताया दुख
- इमारत में करीब 160 लोग रहते थे
- इमारत का मालिक और चौकीदार गिरफ्तार



**दुबई।** कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस हादसे में भारतीय समेत 41 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

आग बुधवार सुबह कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं। वहां रह रहे कई श्रमिक कथित तौर पर भारतीय थे। इस बीच कुवैत में भारतीय राजदूत उस शिविर में गए हैं, जहां आग लगी थी। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। दुखद रूप से अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों को पूरी सहायता प्रदान करेगा। कुवैत टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है, जब तक कि घटनास्थल पर आपराधिक साक्ष्य कर्मियों की जांच पूरी नहीं हो जाती। मंत्री ने एक बयान में कहा, आज जो कुछ हुआ, वह कंपनी और इमारत मालिकों के लालच का नतीजा है। उन्होंने कुवैत नगर पालिका और जनशक्ति के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को आदेश दिया है कि वे इसी तरह के उल्लंघनों को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू करें, जहां बड़ी संख्या में श्रमिकों को एक आवासीय इमारत में ठूंस दिया जाता है।

> विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 40 से अधिक लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। जयशंकर ने एक्स पर कहा, कुवैत शहर में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। कथित तौर पर 40 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पीड़ितों में से अधिकांश भारतीय बताए जा रहे हैं।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक्स पर आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर- +965-65505246 जारी किया है। सभी संबंधित लोगों से अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ने की अपील की है। दूतावास ने हर संभव सहायता प्रदान करने को भी कहा है। भारतीय कुवैत की कुल आबादी का 21 प्रतिशत (1 मिलियन) और इसके कार्यबल (लगभग 9 लाख) का 30 प्रतिशत हिस्सा हैं।

### सरकारी नौकरीपेशा और महिलाओं के लिए खुलेगा खजाना

# सीतारमण जुलाई में पेश करेंगी पूर्ण बजट

**विकास**

- मोदी सरकार में लगातार तीसरी बार बनीं मंत्री
- रोजगार के मोर्चे पर सबसे अहम प्रयास
- लगातार सातवीं बार बजट पेश करके बनाएंगी रिकॉर्ड
- ग्रीन बजट पर रहेगा जोर



**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025 के लिए जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेंगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता व विकसित भारत की दिशा तय करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किया था।

जुलाई में सीतारमण लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करके एक रिकॉर्ड बनाएंगी। मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आ सकता है। पहले पूर्ण बजट में महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खजाना खोल सकती है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के नए उपाय बजट में दिखाई दे सकते हैं, तो महिलाओं को लखपति बनाने की भाजपा की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार भारी निवेश की घोषणा कर सकती है। केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के इलाज के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकती है। इसके लिए एक माह का सत्र बुलाया जा सकता है। चुनावी वर्ष होने के कारण फरवरी माह में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था जिसमें किसी बड़ी घोषणा से दूरी बरती गई थी। केंद्र सरकार के लिए आने वाले वर्षों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाला है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार एक बार फिर सड़क परिवहन, बंदरगाह, रेल, विभिन्न शहरों में मेट्रो, मोनोरेल और हवाई अड्डों के विकास को अपनी प्राथमिकता में रख सकती है। स्टार्टअप और स्किल इंडिया के विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए विकास देना सरकार की प्राथमिकता रह सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर छूट की सीमा पहले ही काफी अधिक है, लिहाजा इसे और ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है। लेकिन सरकारी नौकरी पेशा लोगों की बचत बढ़ाने के लिए जीवन बीमा निगम और शेयर बाजार सहित विभिन्न योजनाओं में निवेश के बाद उन्हें और ज्यादा टैक्स छूट का लाभ मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए केंद्रीय बजट में बड़े निवेश की घोषणा की जा सकती है। इससे सौर ऊर्जा सेक्टर में तेजी आ सकती है, तो लोगों को स्वच्छ हरित ऊर्जा प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है।

# ओडिशा के 15वें सीएम बने माझी

- भाजपा के पहले केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा डिप्टी सीएम बने
- माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली
- पीएम मोदी समेत कई बड़े नेता रहे मौजूद



**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी नेता मोहन चरण माझी ने बुधवार शाम जनता मैदान में ओडिशा के 15वें नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें शपथ दिलाई। माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, हरियाणा, गोवा और उत्तराखंड के सीएम भी मौजूद रहे। इसके साथ ही माझी भगवा पार्टी से पहले मुख्यमंत्री भी बन गए क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव में भारी हार के बाद बीजू जनता दल (बीजेडी) प्रमुख नवीन पटनायक का 24 साल पुराना कार्यकाल समाप्त हो गया। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में माझी ने क्योंझर सीट करीब 87,815 वोटों के अंतर से जीती। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र से बीजद की मीना माझी को हराया। भाजपा नेता कनक वर्धन सिंह देव ने ओडिशा के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा नेता प्रावती परिदा ने भुवनेश्वर में ओडिशा के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। सुरेश पुजारी, रबीनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड और कृष्ण चंद्र पात्रा ने सीएम मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली।

# बारिश का कहर: अब तक 14 लोगों की मौत



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में एक जून से बारिश का कहर मचा हुआ है। इससे अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से 11 मौतें बिजली गिरने से हुई हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा तैयार प्राथमिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो दिनों में परभणी और हिंगोली जिलों में चार मौतें हुईं। मराठवाड़ा के सात जिलों में 1 जून से बारिश से संबंधित घटनाओं में 14 लोगों की जान चली गई है। इनमें से चार मौतें पिछले दो दिनों में ही हुई हैं। चार पीड़ितों में से दो 14 वर्षीय लड़का और 40 वर्षीय महिला हैं। इनमें से ग्यारह मौतें बिजली गिरने से हुईं। बाढ़ के पानी में बह जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत गोशाला ढहने से हुई। मराठवाड़ा के कुल आठ जिलों में से सात जिलों में ये मौतें हुईं, जबकि छत्रपति संभाजीनगर में कोई मौत नहीं हुई। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा चार मौतें लातूर जिले में हुईं, जबकि परभणी और नांदेड़ में तीन-तीन मौतें हुईं।

# चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के सीएम बने

- पवन कल्याण डिप्टी सीएम, टीडीपी से 20, जनसेना से तीन और भाजपा से एक मंत्री ने शपथ ली



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन गई है। तेलगु देशम पार्टी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। चंद्रबाबू ने राज्य की चौथी बार कमान संभाली। इसके साथ ही उन्होंने आंध्र में सबसे ज्यादा बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

नायडू के अलावा जनसेना प्रमुख और एक्टर पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। उन्होंने शपथ लेने के बाद नायडू के पैर छुए। तीसरे नंबर पर नायडू के बेटे नारा लोकेश ने शपथ ली। नई सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के 3 और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है। राज्यपाल अब्दुल नजीर ने विजयवाड़ा में केसरपल्ली आईटी पार्क में सीएम और मंत्रियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के मंत्री और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू को गले लगाकर बधाई दी। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पवन कल्याण की पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पीथापुरम सीट से चुनाव जीता है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की पीएम मोदी तारीफ कर चुके हैं। बीते दिनों एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की तारीफ करते हुए कहा था, ये पवन, पवन नहीं आंधी हैं। आज शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने पवन कल्याण से मुलाकात के दौरान उनकी पीठ थपथपाई। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम नायडू और पवन कल्याण को राज्य में उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी। बता दें कि हाल के विधानसभा चुनाव में नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने बहुमत हासिल किया है। यह चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था जिसमें उन्हें जबरदस्त सफलता मिली है।

# इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़

**रोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली दौरे से पहले एक शर्मनाक घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को खालिस्तानी चरमपंथियों ने उद्घाटन के कुछ ही देर बाद ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक घटनास्थल को तत्काल साफ किया गया। इस मामले को लेकर विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, हमने रिपोर्ट्स देखी हैं। भारत ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाए जाने का मामला इटली के अधिकारियों के सामने उठाया है। गांधी जी की प्रतिमा को ठीक कर दिया गया है। इस मामले में इटली के अधिकारियों के साथ बातचीत हुई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी मोदी कल रवाना होंगे।




### तपन — पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में

# राममंदिर के श्रद्धालुओं की संख्या घटी

**आस्था**

- 60 से 80 हजार के बीच पहुंचा आंकड़ा
- कानपुर देहात रहा सबसे गर्म

**अयोध्या।** इसे प्रचंड गर्मी का असर कहें या कुछ और राममंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार कम हो रही है। बीते सोमवार को महज 63 हजार लोग ही दर्शन करने पहुंचे। इसका असर राममंदिर में आने वाले दान पर भी पड़ा है। रामलला को अर्पित की जा रही निधि समर्पण में 50 फीसदी कमी आई है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जहां रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन करते थे। वहीं अब यह आंकड़ा 60 से 80 हजार के बीच पहुंच गया है। यही हाल राममंदिर में आने वाले दान का भी है। रामलला को हर माह विभिन्न माध्यमों से करीब 1. 50 करोड़ का दान आता रहा, लेकिन मई में दान में भारी कमी आई है।

ट्रस्ट के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मई माह में विभिन्न माध्यमों से करीब 84 लाख का दान प्राप्त हुआ है। रामलला को नकदी, चेक, आरटीएस व अन्य ऑनलाइन माध्यमों से दान मिलता है। एक आंकड़े के मुताबिक रामलला की हुंडी यानी दानपात्र में हर माह करीब 60 से 70 लाख की नकदी भक्त अर्पित करते रहे हैं। जबकि अन्य माध्यमों से भी लगभग इतनी ही धनराशि आती रही। पिछले माह में चढ़ावे सहित अन्य माध्यमों से मिलने वाले दान में कमी आई है। इधर श्रद्धालुओं की संख्या भी बहुत घटी है। शनिवार, रविवार व मंगलवार को जहां श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख तक पहुंचती थी, इन दिनों अब यह संख्या 80 से 85 हजार तक पहुंच रही है। जबकि सामान्य दिनों में 60 से 65 हजार श्रद्धालु आ रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दान श्रद्धालुओं की संख्या पर निर्भर करता है। श्रद्धालुओं की संख्या घटती है तो दान में कमी आना स्वाभाविक है। हालांकि वे इस बात से इंकार नहीं करते हैं कि पिछले महीने में दान में भारी कमी आई है। प्रकाश गुप्ता के अनुसार भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालुओं की संख्या घटी है।

### कानपुर देहात का तापमान 47.5 डिग्री रहा

प्रदेश में बुधवार को कानपुर देहात सबसे गर्म रहा और यहां अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री और न्यूनतम 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।वहीं प्रयागराज पिछले दो दिनों से देश में सबसे गर्म रहा और बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। रात का तापमान यहां 32 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात जैसे इलाकों में प्रचंड लू का रेड अलर्ट जारी किया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अगले16 जून तक गर्म हवा और भीषण लू की चेतावनी है।



# लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा सर्वोपरि

**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित सांसद मोहम्मद हनीफा जान लद्दाख के लिए छठी अनुसूची और राज्य के दर्जे की मांग पर टिके हुए हैं। निर्दलीय सांसद ने कहा कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ-साथ विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से संपर्क करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उनका अधिकार मिले। हनीफा जान ने नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस्तीफा देने के बाद निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने यह भी कहा कि वह अभी किसी दल में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, इस बार का लद्दाख में चुनाव अलग था। अब तक चुनाव धार्मिक या क्षेत्रीय आधार पर होते थे। इस बार लोगों ने केवल मुद्दों पर वोट दिया। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था और जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में बांट दिया गया था।

# डीएम ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में जिले के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में योजित/लम्बित राजस्व वादों और निर्विवाद वरासत, पैमाइश नामांतरण, आपसी बंटवारा एवं भूमि विवादों से सम्बन्धित लंबित वादों की गहन समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को वादों के निस्तारण के लिए नियमित अदालत लगाने के निर्देश दिए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो का स्वयं रिव्यू करें।



उन्होंने जनपदीय राजस्व न्यायालयों द्वारा तहसील स्तर से मांगी गई रिपोर्ट को समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने न्यायालय में लम्बित मुकदमों की समीक्षा करते हुये समस्त एसडीएम व तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। राजस्व वादों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें। सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक सजग एवं सचेत होकर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने राजस्व न्यायालयो में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण कर रिव्यू करे। बैठक में सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## मानसून सत्र में देरी होने के कारण पर्यटन सत्र दस दिन के लिए बढ़ा

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** 15 नवंबर को दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन सत्र का आगाज होता है और हर साल मानसून सत्र को देखते हुए 15 जून को संपन्न कर दिया जाता है। मानसून सत्र में बारिश होने से जंगली रास्ते खराब हो जाते हैं। उन पर वाहनों का चलना संभव नहीं होता है। इस वजह से पर्यटन सत्र संपन्न किया जाता है, लेकिन इस साल मानसून सत्र में देरी होने के कारण पर्यटन सत्र दस दिन के लिए बढ़ा दिया गया है दुधवा पार्क सूत्रों के अनुसार, पर्यटन सत्र शुरू होने के बाद यहां अच्छी तादाद में सैलानियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। बीते कई दिनों से पार्क में लगातार बाघ दिख रहे हैं। सैलानियों की अच्छी तादाद भी दुधवा के पर्यटन सत्र के बढ़ने का कारण बताई जा रही है नौ जून को पीलीभीत के एक होटल में होटल व्यवसायियों और पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दुधवा टाइगर रिजर्व के अधिकारी भी शामिल हुए थे।

# पैंथर क्लब ने गुलुलवा 11 को दिया 8 विकेट से शिकस्त

**लखीमपुर खीरी।** खीरी टाउन शारजाह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न 4 का दूसरा मुकाबला पैंथर क्लब और गुलुलवा 11 के बीच खेला गया, जिसमे पैंथर क्लब ने गुलुलवा 11 को 8विकेट से शिकस्त दी। मुख्य अतिथि की हैसियत से सब इंस्पेक्टर लाल बहादुर मिश्र व लल्ला गोस्वामी मौजूद रहे। आज हुए दूसरे मैच में पैंथर क्लब के कप्तान लिटिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला लिया। गुलुलवा 11 की तरफ़ से पारी का आगाज़ विशाल जलोटा और श्याम मोहन ने किया। विशाल जलोटा मात्र 7 रन ही बना पाए। श्याम मोहन ने अपनी टीम के लिए 27 रन जोड़े, वही तोहा रज़ा ने ताबड़ तोड़ 12 गेंदों पर 29 रन बना कर अपनी टीम को एक सम्मान जनक स्कोर तक ले गए। गुलुल्वा



11 ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 103 रन बनाए। स्कोर का पीछा करने उतरी पैंथर क्लब की टीम निर्धारित 12 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से मैच को जीत लिया। शमशाद ने 40 और अनुज ने 51 रन बनाए। अनुज को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने ताबड़तोड़ 18 गेंदों पर 51 रन बनाए। मैच में अंपायरिंग हाफ़िज़ साहिबे आलम और मुदस्सिर अली ने की और स्कोरिंग नूरूल हसन और एमस ने किया। कमेंट्री जेबी और अल्तमश ने की इस दौरान कमेटी के सदस्य मुराद रज़ा, फैजान, आकिब, साहिबे आलम, अकरम, शारिफ, साहिल, आरिफ और गोलू तथा मैच का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान की हालत बद से बदतर

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** जहां देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छता अभियान की एक मिसाल को कायम रखे हुए हैं। वही कस्बा मोहम्मदी की गांधी मार्केट में शौचालय की हालत बद से बदतर है। इसकी जिम्मेदारी लेने वाला पूरी तरह से नगर को गंदा रखने का ठेका लिए हुए है। नगर की मेन मार्केट जो अब बड़े बड़े कारोबारियों के लिए अहम हो चुकी है सैकडो व्यापारी व हजारों लोग मेन मार्केट से गुजरते हैं जहां अन्दर जाते ही पेशाब की गंध व गन्दगी का अम्बार लगा है। महिलाओ के लिए बने शौचालय में आधी सीट ही गायब जैसी समस्या देखने को मिलती है। हर कोई नाक चढ़ा कर आगे निकल जाता है मगर इसके लिए आवाज कोई नही उठाता। नगर पालिका इस ओर ध्यान देकर इस समस्या का समाधान करे। जब नगर पालिका की जिम्मेदार अधिकारी



अधिशाषी अधिकारी को फोन किया गया तो उनका फोन नही उठा। जब अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर नही निकलेंगे तो कैसे होगा जनता की समस्याओं का समाधान। अब देखना यह है कि नगर पालिका का ध्यान इस शौचालय की ओर कब जाता है।

## लड़की भगाने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीकापुर-अयोध्या।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार चौकी अंतर्गत लगभग एक मांह पूर्व घर से गायब हुई लड़की के पिता बरहूपुर निवासी की शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 170 /24 धारा 363, 366 में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद विवेचना कर रही एस आई प्रियंका वर्मा की मेहनत पर लगभग 1 सप्ताह पूर्व लड़की को बरामद करके मेडिकल जांच के बाद धारा 376 की बढ़ोतरी करते हुए उक्त केस की अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी पहाड़ियां पर थाना हरिद्वार जिला लखीमपुर को किसी तरह से बुधवार को सुबह लगभग 8:30 बजे देश दीपक विद्यालय के पास से मुखबिर की जानकारी मिलने पर अपने हमराही सिपाही के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजने में सफल रही हैं।

## तदर्थ शिक्षकों ने वेतन भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

**अयोध्या।** 30 दिसम्बर 2000 के पूर्व नियुक्त तदर्थ शिक्षकों ने संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या तथा जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या कार्यालय में ज्ञापन देकर वेतन भुगतान करने की मांग की गयी। ध्यातव्य है कि 30 दिसम्बर 2000 के पूर्व नियुक्त तदर्थ शिक्षकों जिनका विनियमितीकरण नहीं हो पाया था शासन द्वारा 09 नवंबर 2023 को इनकी सेवा समाप्त कर दी गई और बाद में इनका विनियमन खारिज कर दिया जिससे आहत होकर इन शिक्षकों द्वारा उच्च न्यायालय याचिका का दायर की गई मा0 न्यायालय ने शासन के आदेश तथा जेडी द्वारा खारिज किए गए विनियमतीकरण के आदेश को खारिज करते हुए तत्काल निरन्तर वेतन भुगतान तथा सेवा बहाल करने का आदेश पारित किया गया है। तदर्थ शिक्षकों ने शिक्षा भवन अयोध्या में आधिकरियों से न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराये जाने की मांग की गयी।

# नगर पालिका की लापरवाही के कारण नगरवासी परेशान

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर पालिका द्वारा नगर में किन्ही कारणों को लेकर बरती जा रही लापरवाही से नगरवासी खासे परेशान हैं। नगर में कुछ मोहल्ले ऐसे हैं जहां नालियों के ऊपर पानी वह रहा है, शुक्लापुर में अजय डाक्टर के सामने गली में नाली के दोनो साइड पानी भरा रहता है जिस कारण रोड पर भी पानी भर जाता है जिससे उस गली में रहने वालो सहित राहगीरो का भी निकालना मुश्किल हो जाता है। उक्त समस्या की शिकायत वार्ड के लोगो ने सभासद सहित नगर पालिका में भी की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। जेपी इण्टर कालेज रोड पर आए दिन नालियों का पानी रोड पर बहने लगता हैं। अशोक चैराहा (तालिब अली चैराहा) पर भी आए दिन पानी भर जाता है जिससे आने जाने वाले लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही अगर बात की जाए सरैया मोहल्ले की तो सरैया में नाला



सिर्फ ऊपर की पन्नियों को हटा देते हैं तली झाड़ सफाई न होने से नाले उफान पर है जिससे नालों का पानी रोड पर बह रहा है इन नालों के पास बनी पुलिया मे कई दिनों से पुलिया के ऊपर चल रहा पानी जिम्मेदार जानकर भी बने अंजान मोहल्ले वाले

उफान पर हैं गन्दगी नाले में ऊपर तक भरी पड़ी है जिसकी सफाई न होने से नाले का पानी रोड पर आ जाता है। सरैया मोहल्ले में अगर नालों की सफाई की बात करे तो सफाई कर्मी निकले तो कहा से निकले इस समस्या की ओर भी जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे। इससे मोहल्ले वासियों को बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। जगह जगह कचरा और नालियों, नालों में पानी जमा होने की वजह से नगरवासियों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मण्डी गेट से बबौरी तक नालों के ऊपर जमा कचरा, जलकुंभी कई मोहल्ले ऐसे हैं जिनमें नालियों, नालो में कचरा जमा होने से दुर्गंध फैली हुई है। नगर पालिका द्वारा नगर में ज्यादातर मोहल्लों में नालों और नालियों की सफाई इतनी होती है की ऊंट के मुंह में जीरा वही देविस्थान मन्दिर जाने वाले रोड पर लगे कचरे का ढेर जिससे दुर्गंध फैली हुई है। वही कुछ लोगो से जानकारी चाही तो बताया कि ये नगर पालिका की कूड़े वाली गाड़ी ही डाल कर गई थी जिससे देविस्थान मन्दिर जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नगर पालिका द्वारा इस तरह की लापरवाही बरतना ठीक नहीं है यह किसी एक इंसान से जुड़ा मसला नही है पूरे नगर के स्वास्थ से संबंधित मामला है इसलिए नगर पालिका को जल्द ही इस समस्या के निवारण की ओर ध्यान देना चाहिए।

# मिल्कीपुर विधानसभा से राममोहन भारती को बीजेपी बना सकती है उम्मीदवार

- 33 वर्षों से संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े राममोहन रामजन्म भूमि आंदोलन में तीन बार जा चुके है जेल
- 2010 से लगातार जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर है भारती बार जा चुके है जेल

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली अप्रत्याशित हार के बाद होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए सत्ताधारी भाजपा में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा में गत चुनाव में रनर प्रत्याशी रहे गोरखनाथ बाबा की हार उनको फिर से प्रत्याशी बनाए जाने में रोड़ा साबित होते हुए देखकर तमाम अन्य उम्मीदवार भी ताल ठोकने लगे है। जिसमे नीरज कन्नौजिया,बबलू पासी,चन्द्रकेश रावत,विनय कुमार रावत,राधेश्याम त्यागी पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी के साथ ही संघ की पृष्ठभूमि से विगत 33 वर्षों से रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े बीजेपी के वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मिल्कीपुर मंडल के प्रभारी राममोहन भारती का नाम चर्चा में है। 1990 में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान जेल जा चुके राममोहन भारती भाजपा के एक सशक्त कैडर के सिपाही है। रामजन्मभूमि आंदोलन में हुई कारसेवा के दौरान तीन बार जेल यात्रा कर चुके है। पहली बार 1990 मे जब वह नाबालिग उम्र के थे यानी मात्र 17 साल की आयु में वह कारसेवा में जेल गए और बहराइच में लगभग एक से डेढ़ माह जेल में रहे। 1992 में बाबरी विध्वंस के समय भी फैज़ाबाद जेल में 10 से 12 दिन जेल में रहे। वही तीसरी बार 2013 में जब संघठन ने 84 कोसी परिक्रमा का एलान किया तो भी भारती को सरकार ने संघ के स्वयंसेवक बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता होने के कारण लखनऊ जेल में रखा था। कुल मिलाकर यह कहे कि



श्री भारती ने बीजेपी पार्टी में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी उन सभी जिम्मेदारीयों का बखूबी निर्वहन किया जो संगठन उन्हें समय समय पर देता रहा। पार्टी सूत्रों की माने तो पार्टी इस बार संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े पार्टी कार्यकर्ता को ही प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है। ऐसे में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तारुन से शुरू उनकी यह राजनीतिक यात्रा अनवरत जारी है। पार्टी के प्रति एक निष्ठा का ही परिणाम रहा कि राममोहन भारती वर्ष 2010 से लगातार अयोध्या जिले के पदाधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित रहे। उन्होंने बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, रामकृष्ण तिवारी,अवधेश पांडेय बादल और वर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के साथ जिला कार्यकारिणी में कार्य कर रहे है।

## वाहन चोरी में अभियुक्त पर लगा तीन हजार रुपए जुर्माना

**अयोध्या।** फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर स्कूटर चोरी करने के मामले में अभियुक्त शकील अहमद को 3000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया है। यह फैसला अपर सिविल जज प्रथम/ न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल उपाध्याय ने सुनाया है। अभियोजन कथानक के मुताबिक कोतवाली नगर क्षेत्र के ऋषि टोला निवासी मोहम्मद नसीम खान फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर चाय की स्टाल लगाता है। 6 अप्रैल 1998 को शाम 4:00 बजे सामिष भोजनालय के पीछे अपना स्कूटर 3577 खड़ी करके अपनी चाय स्टॉल पर चला गया। शाम 5:30 बजे मुसाफिर खाना की मस्जिद में नमाज पढ़ने आया वापस आया तो देखा स्कूटर गायब है।वादी की तहरीर पर थाना जीआरपी में अज्ञात के विरुद्ध चोरी के अपराध में मुकदमा दर्ज हुआ है।

## अधिवक्ता पर हुए हमले से वकीलों में आक्रोष

**अयोध्या।** मंगलवार को थाना पेट क्षेत्र में अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले से फैजाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में आक्रोष व्याप्त है। घटना से नाराज अधिवक्ताओं ने अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चंद तिवारी ने घटना को किसी बड़ी साजिश के तहत कारित किया जाना बताया है। घटना में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए घटना को प्रशासन की वकील के प्रति ढुलमुल नीति के कारण होना कहा है। शासन से अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग किया। अधिवक्ता संघ के पूर्व मंत्री आलोक खरे ने घटना की निंदा करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग किया। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते अधिवक्ता संघ की बैठक बुलाने की मांग किया। बताते चलें कि बीते मंगलवार को अयोध्या से सरयू नदी पर बने बांध के रास्ते जमथरा की ओर अपनी पत्नी के साथ कार से आते समय अधिवक्ता तरुण जीत वर्मा पर दिन के 1:45 बजे कुछ लोगों ने जान लेवा हमला कर दिया।

# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तीयां हेतु ब्लाक कैंप की तिथियां निर्धारित

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउन्सिल इण्डिया लिए (एस0एस0सी0 आई0) द्वारा भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प में जिले के बेरोजगार 10वीं पास या फेल नवयुवकों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु विकास खण्डों में कैम्प लगाये जाने हेतु तिथिवार रोजस्टर निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे।

कंपनी के डिप्टी कमांडेंट (रजनीश राय) बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 19 व 20 जून को राही व अमावा ब्लॉक में, 21 व 22 जून को बछरावां व डलमऊ ब्लॉक में, 23 व 24 जून को खीरों व लालगंज ब्लाक में, 25 व 26 जून को महाराजगंज व सलोन ब्लॉक में, 27 व 28 जून को सरेनी व सताव ब्लॉक में, 02 और 03 जुलाई को ऊंचाहार व छतोह ब्लॉक में, 04 और 05 जुलाई को डीह व दीनशहगौरा ब्लॉक में, 06 और 07 जुलाई को जगतपुर व शिवगढ़ ब्लॉक में, 08 और 09 जुलाई को हरचंदपुर व रोहनिया ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा।

भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य। उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं।

# प्रतिबंधित थर्माकोल प्लेट से भरी पिकअप प्रवर्तन दल ने पकड़ा,1.15 लाख का लगाया जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने प्रतिबंधित थर्मोकोल की प्लेट लदी टाटा मैजिक पिकअप को थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के कुचेरा बाजार से पकड़ा है।नगर निगम के अधिकारियों को जानकारियां मिल रही थी। कि गोंडा जनपद से लाकर मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में थर्माकोल की प्लेट बेची जा रही है। जानकारियां मिलने के बाद से ही प्रवर्तन दल सक्रिय हो गया था।और क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी थी। आज सुबह गुप्त सूचना मिलने के बाद प्रवर्तन दल के नायक संदीप सिंह सिविल ड्रेस में पहले से ही कुचेरा बजार पहुंच गए थे।जैसे ही थर्माकोल लदी पिकअप यूपी 42 ए टी 1971 पहुंची उसको रुकवा लिया और वहां कुचेरा बाजार में होने की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही प्रवर्तन दल के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। नगर



निगम के प्रवर्तन दल ने बताया गाड़ी चालक के कथन अनुसार तकरीबन 30 हजार रुपए का गाड़ी में माल है। लेकिन प्रतिबंधित होने के कारण इस पे जो लागू चलान है, प्रति किलो 5000 हजार है। उसके हिसाब से लगभग 1 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना होगा।

## गोमती नदी में नहाते वक्त दो किशोर डूबे, हुई मौत पुलिस ने शव को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ गोमती नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। साथी दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन बचा नहीं सकें। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 24 घंटे के भीतर नदी से शव बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी देवगांव थाना कुमारगंज क्षेत्र के रानीपुर पूरे सहतेमऊ गांव निवासी 12 वर्षीय इकरार पुत्र आशु और 13 वर्षीय सैफ पुत्र वसीम अली मंगलवार की दोपहर गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर बह रही गोमती नदी में नहाने चले गए थे। स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए जिससे डूब गए ।शाम 3:00 तक जब दोनों किशोर गांव नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुए गोमती नदी बाबा घाट पर पहुंचे तो देख की कपड़ा दोनों लोगों का रखा हुआ है आवाज लगाई कहीं पर कोई आवाज नहीं आई, घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

## बैंक शाखा प्रबंधक के रवैया से ग्राहक परेशान

**बीकापुर-अयोध्या।** सरकार की रीतियो और नीतियों को अपने हिसाब से चला कर भोली भाली जनता को परेशान करना ही भाजपा के हार का कारण बताते हुए खेती किसानी करने वाले दिनेश तिवारी ने बैंक आफ बडौदा खजुराहट गोला बाजार की शाखा प्रबंधक पर एडियल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जनता को सुविधा देने के लिए अपना पैसा जमा करने और निकालने के लिए भी बैंक ना जाना पड़े इसके लिए पास के फ्रेंचाइजी के यहां से अंगूठा आदि तरह-तरह की सुविधा देकर जनता के कीमती समय को बचाने का प्रयास करती है। लेकिन श्री तिवारी ने शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह पर आरोप लगाते हुए ?50 नाजायज खर्च करवरकर नई पासबुक के लिए ऑनलाइन करवाने का आरोप लगाया है श्री तिवारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि कई विद्यालय में बच्चों के पासबुक के दुरुपयोग के लिए तरह-तरह के पासबुक बनाने का उक्त शाखा प्रबंधक पर लोगों द्वारा आरोप लगाया गया है। जिसकी शिकायत भी कई अधिकारियों से होने की बात प्रकाश में आई है।

# मंडलायुक्त ने बारिश के पूर्व सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में मानसूनी बारिश के पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थित नाले/नालियों के साफ सफाई के अद्यतन स्थित एवं अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी मार्गो का निर्माण कार्य पिछले एक साल के अंदर किया गया है उन सभी मार्गो की ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण बारिश के पूर्व एक बार सभी संबंधित अधिकारी कर ले जिससे कि बारिश के दौरान मलवा आदि से ड्रेनेज ब्लॉक न होने पाए साथ ही जितने भी मार्गो यथा पंच कोसी व चौदहकोसी सहित अन्य का निर्माण कार्य चल रहा उनमे निकलने वाले मलबे को तत्काल उठाने की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पी0डब्लू0डी के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि किसी भी मार्ग के निर्माण के दौरान उसमे पूर्व से मौजूद नाले/नालियों को



बिना जिलाधिकारी की अनुमति के न तोड़ा जाए अगर बिना पूर्व अनुमति के इन नाले /नालियों को तोड़ा जाता है तो सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा से शहर के प्रमुख नालों की सफाई के अद्यतन स्थित की जानकारी प्राप्त की नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कुल छोटे बड़े 72 नालों को बारिश के पूर्व सफाई के लिए चिन्हित किया गया है जिसमे से 54 नालो की सफाई पूर्ण हो चुकी है शेष की गतिमान है। उन्होंने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय से कहा कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये गए फैसिलिटी सेंटर यथा पार्किंग स्थलों विभिन्न कुंडों सहित अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था का सर्वे करवा लें यदि कोई समस्या हो तो उसका निराकरण बारिश से पूर्व करवाना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा,अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महेंद्र कुमार सिंह, पी0डब्लू0 डी के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंतागण सहित अन्य संबधित उपस्थित रहे।

## बगीचे में लटकता मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** बगीचे में आम की रखवाली कर रहे युवक का शव बाग में ही पेड़ से लटकता संदिग्ध परिस्थितियों में,परिजनों को मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के मंजनाई गांव निवासी अमित कुमार पुत्र घप्पू 18 वर्ष गांव के ही सुधाकर पाण्डेय के आम के बगीचे में आम रखवाली कर रहे थे। अमित कुमार की मां बगीचे में बेटे से मिलने के लिए गई तो देखा कि बेटा फंदे से लटका हुआ है। बेटे को पेड़ से लटकता देख जोर-जोर से चिल्लाने लगी चिल्लाने की आवाज सुनने के बाद बगीचे में पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट स्पष्ट कहा जा सकेगा परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

# डीएम और एसपी ने किया महिला पिंक बूथ का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रदत्त एवं स्थापित थाना इन्हौना में नव निर्मित महिला पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जनपद अमेठी में इण्डोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सहयोग से मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व उनके उत्थान हेतु पिंक बूथ की स्थापना की गई। उक्त पिंक बूथ के माध्यम से महिला सम्बन्धी अपराधों में तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा इण्डोरामा जगदीशपुर के सीओओ राजेन्द्र शंखे हेड एचआर मनोज कुमार झा सीएसआर हेड अभिनव सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण एवं थानाक्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

## किन्नर को युवक से हुई मोहब्बत, साथ ले जाने के लिए थाने में अड़ी

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बंकटिया निवासी एक युवक का पानीपत हरियाणा निवासी एक किन्नर से मोहब्बत हो गया था। लेकिन मौका देख कर युवक वहा से फरार होकर घर चला आया था। युवक को ढूढते हुए किन्नर युवक के घर पहुंच गई। और उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने किन्नर को पानीपत में कारवाई करने का आदेश दिया। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के बनकटियां निवासी एक युवक पानीपत में रह कर मजदूरी करता था। करीब चार माह पूर्व युवक का एक किन्नर से मोहब्बत कर बैठा था। दोनो लिवरिलेशन में रहने लगे थे। करीब पांच दिन पूर्व मौका पाकर युवक वहा से फरार होकर अपने गांव आ गया था।

## माटी शिल्पकारों का हुनर निखारेगी, कार्यक्षमता बढ़ाएगी योगी सरकार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण के साथ पारंपरिक माटी शिल्प को उद्यमिता से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने माटी शिल्पकारों को लगातार सौगात देना जारी रखा है। बड़ी संख्या में माटीकला से जुड़े शिल्पकारों को टेक्नोलॉजी से जोड़कर उनके हुनर और कार्यक्षमता को निखारा गया है। हुनर निखारने और कार्यक्षमता के विस्तार के लिए सरकार बचे शिल्पकारों को भी टेक्नोलॉजी से जोड़ने जा रही है। इसके लिए माटी शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल प्रदान किए जाएंगे। माटीकला बोर्ड ने गोरखपुर में 35 शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक और समूह के जरिये 9 पगमिल वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बीते करीब सात सालों से मिट्टी के बने उत्पाद बाजार में खूब दिख और बिक रहे हैं। खानपान की दुकानों पर भी अब मिट्टी के कुल्हड़ और अन्य बर्तनों की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है तो मिट्टी के उत्पाद बनाने का पारंपरिक काम उद्यम की शक्ल ले रहा है। सरकार का जोर टेक्नोलॉजी के माध्यम से इस उद्यम को और बड़ा आकार देने पर है। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने मिट्टी के उत्पाद बनाने के पारंपरिक काम से जुड़े शिल्पकारों को तकनीकी से जोड़ने की पहल तो की ही, गोरखपुर में मिट्टी के विशेष शिल्प वाले टेराकोटा को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल कर इसके लिए बड़ा बाजार भी उपलब्ध कराया। टेराकोटा से जुड़े शिल्पकारों को बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक चाक (बिजली से चलने वाली चाक) और पगमिल (मिट्टी गुथने की मशीन) उपलब्ध कराई गई।

## अमृत योजना की डीएम ने ली बैठक दिए दिशा निर्देश



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार की अमृत योजना के तहत फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ विनियमित क्षेत्र की जीआईएस वेस्ड महायोजना 2031 की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक मे बताया गया कि 2031 तक 5.43 लाख प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन के आधार पर महायोजना बनाई गई है, महायोजना में कुल 3771 आपत्तियाँ प्राप्त हुई है जिनमें से 211 आपत्तियों को पूर्ण रूप से व 1280 आपत्तियों को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया है व शेष 2280 आपत्तियों को अस्वीकार किया गया है जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि महायोजना में प्रस्तावित किये गए हरित क्षेत्र का दुवारा सर्वे किया जाये, बैठक में महायोजना के प्रत्येक विंदु पर विस्तृत चर्चा की गई ,बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अमृतपुर थाना परिसर में थाना अध्यक्ष मीनेष पचौरी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एक घंटा तक चली इस मीटिंग में ग्राम पंचायत के प्रधान कोटेदार एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दो दर्जन से अधिक लोग परिसर में मौजूद थे। इन सभी को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया कि आगे आने वाले दिनों में दशहरा बकरीद भीम सैनी एकादशी जैसे त्योहार आएंगे। इन त्योहारों पर सभी जाति व धर्म के लोग सौहार्दपुर माहौल को बनाए रखें और मिलजुल कर त्योहार मनाए। अगर कोई व्यक्ति उपद्रव करता है या त्योहार में खलल पहुंचने का प्रयास करता है सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करता है अथवा उकसावे को बढ़ावा देता है ऐसे व्यक्तियों के प्रति सचेत रहें और जिम्मेदार लोग इन उपद्रवियों की जानकारी अमृतपुर थाने के सीयूजी नंबर 94 5440 3320 पर दें। जिससे उपद्रवियों को कानून के दायरे में रहकर सबक सिखाया जा सके और आगामी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

## नाला निर्माण में भारी अनियमिता



**सरीला (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड सरीला के ग्राम पंचायत पचखुरा में हो रहे नाला निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग का मामला सामने आया है सरकारी कार्यों में निर्माण कार्यों के प्रति हो रहे भ्रष्टाचार में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता ने नाला निर्माण में हो रहे घटिया निर्माण कार्य कराए जाने का विरोध किया। सामाजिक कार्यकर्ता जयनारायण वर्मा ने बताया कि विकासखंड सरीला के ग्राम पंचायत पचखुरा में पानी निकासी के लिए हो रहे नाला निर्माण में घटिया ईटा का प्रयोग किया जा रहा है वहीं मानकों के विपरीत जाकर नाला निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कंक्रीट मसाला में भी व्यापक पैमाने पर धंधाली की गई है जिससे नाला निर्माण होने के बाद घटिया निर्माण होने के चलते उसका बहुत जल्द टूटना तय है उन्होंने बताया कि घटिया सामग्री का उपयोग होने के चलते नाला के निर्माण होते ही एक तरफ से नाला ध्वस्त होने लगता है गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है केवल कागजी खानापूर्ति कर काम को किसी तरह निपटाने का प्रयास किया जा रहा है कार्यों में लगने वाले ईट बालू की बात ही अलग है इसमें सबसे ज्यादा निम्न क्वालिटी का सामान लगाया गया है जो टिकाऊ नहीं है इस संबंध में जब ग्राम प्रधान व सचिव से पूछा गया तो उन्होंने बताया की नाला का निर्माण कार्य इस्टीमेट के अनुसार ही कार्य कराया जा रहा है लेकिन जब इस संबंध में बी डी ओ सरीला से पूछा गया तो उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्लिया वि.खं. मरौरी, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**ओमप्रकाश**
ग्राम प्रधान

**राकेश शर्मा**
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत पटनिया वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**आशीष कुमार**
ग्राम प्रधान

**कमल किशोर**
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत ललपुरिया वि.खं. मरौरी, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**गंगा राम**
ग्राम प्रधान

**आरूषि कुमार**
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत मडरिया वि.खं. मरौरी, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईंट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**इमरान रजा**
**ग्राम प्रधान**

**नरूउद्दीन**
**सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अवराकरोड़ वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईंट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**मुन्नी देवी**
**ग्राम प्रधान**

**विजय तिवारी**
**सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतपुर हीरा वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईंट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**चन्द्रसेन**
**ग्राम प्रधान**

**संतोष कुमार**
**सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत परेवाता किशनी वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईंट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**आकाश कमल**
**ग्राम प्रधान**

**कमल किशोर**
**सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गजरौला वि.खं. बीसलपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईंट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13.06.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 14.06.2024 अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**सरवन कुमारी**
**ग्राम प्रधान**

**विजय तिवारी**
**सचिव**


## सीडीओ ने किया निर्माणाधीन हाईटेक नर्सरी निर्माण कार्य का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा बुधवार को विकास खण्ड भनवापुर के कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के फॉर्म स्थित खरैला में निर्माणाधीन हाईटेक नर्सरी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नर्सरी के लिए मिट्टी से प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य पूर्ण है, अन्य कार्य नामित एजेंसी सामग्री की आपूर्ति एवम सहयोग से उद्यान विभाग द्वारा कराया जाएगा। सीडीओ ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि एजेंसी से समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय रवि शंकर पाण्डेय, उपायुक्त श्रम रोजगार, आलोक दत्त उपाध्याय खण्ड विकास अधिकारी, भनवापुर, एन.एल. वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी, केवीके सोहना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार, डॉ एसके सिंह सहित अन्य वैज्ञानिक, ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों को मोहल्लावासियों ने पत्र देकर की मांग



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गड्ढा व पोखरों पर हुए अतिक्रमण व अवैध कब्जे को हटाने का सख्त निर्देश शासन का होने के बावजूद अवैध कब्जा करने वाले अपने हरकत से बाज नही आ रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। एसडीएम व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को शिकायती पत्र देकर मोहल्लावासियों ने राप्तीनगर वार्ड के सोनारी मोहल्ले में स्थित सरकारी गड्ढे पर एक व्यक्ति पर अवैध कब्जा कर स्थायी निर्माण करने का आरोप लगाया है। मोहल्लावासियों अधिकारियों से मामलें की जांच कर तत्काल निर्माण को रोकने की मांग किया है। मोहल्लावासी विवेक श्रीवास्तव, प्रकाश, वीरेंद्र कुमार, रामबरन, बिन्देश्वरी, विनोद, रामअवतार, विनोद ने एसडीएम व ईओ नगर पालिका में दिए गये शिकायती पत्र में लिखा है कि धानी रोड पर राप्तीनगर वार्ड के सोनारी मोहल्ले में स्थित समय माता मंदिर के पास स्थित सरकारी गड्ढे पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह सरकारी गड्ढे की भूमि है और काफी कीमती है। शिकायतकर्ताओं ने हो रहे निर्माण को तत्काल रोकने व अवैध कब्जे को हटाने की मांग किया है।

## जलालपुर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बकरीद के मद्देनजर कोतवाली परिसर में धर्मगुरूओं के साथ शांति समिति की बैठक हुई। उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए नागरिकों से समस्याओं के बाबत जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि कुर्बानी से निकलने मलबों को नगर पालिका कर्मियों की मदद से मलबों को दफन किया जाये। नमाज़ के समय आपसी भाईचारा कायम किया जाय।सी ओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि त्योहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाया जाए। कहीं भी कोई अराजकता न फैलाएं और न ही शांति व्यवस्था में खलल डाले। संचालन कर रहे प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सार्वजनिक स्थल पर एवं प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न देने के संबंध में अपील की। बैठक में नागरिकों ने पानी की सप्लाई, मस्जिदों के आसपास साफ़ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। बैठक में मौलाना नजीबुल्लाह, मानिकचंद सोनी, अहसन रज़ा मीसम, अकील अब्बास, नन्हे प्रधान, संदीप गुप्ता, फ़राज़ ख़ान समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था में गृह स्वामी का मिला शव

**कसया, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गांव शिवपुर बुजुर्ग में बुधवार को एक संदिग्ध अवस्था में गृह स्वामी का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अन्य अवशायक कार्यवाइ में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी युगल चौहान का 35 वर्षीय बेटा धर्मेंद्र चौहान अपने पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता था। एक सप्ताह पहले उसके और उसकी पत्नी में झगड़ा व मारपीट हुई। जानकारी पर उसके घर पहुंचे ससुराल वालों ने उसके पत्नी को अपने साथ लेते गए। उसके बाद से धर्मेंद्र थोड़ा मानसिक स्थिति से परेशान रहने लगा था। इधर वह दो दिन दिनों से दिखाई भी नहीं दे रहा था तभी बुधवार को उसके घर से शव सड़ने जैसे बदबू आने लगी तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब सूचना पाकर घर पहुंची थी तो देखा कि जमीन पर धर्मेंद्र का शव पड़ा है व बदबू दे रहा है। धर्मेंद्र के तीन छोटे छोटे बच्चे अंकित 8 वर्ष, दिवाकर 6 वर्ष, डोमिन 2 वर्ष के हैं। पिता व माता उसके दूसरे भाई के साथ रहते हैं।



## दोनो एक डाल के पक्षी

इस चुनाव कम्पेन में एक डाल के दो पक्षी अपनी अलग अलग बोली में एक तरह की ही बात कर रहे थे जो लोकतन्त्र का नीचे ले गया है। विपक्ष हमेशा अरोप लगा रहा था चुनाव प्रक्रिया और चुनाव एजेन्सी भ्रष्ट, इवीएम दोषपूर्ण सब सत्तापक्ष को जिताने में लगे है। भाजपा सारी नम्रता छोड़ अपने को सुपरमैन बताने में लगा था। मोदी भगवान द्वारा भारत को सुधारने के लिये भेजे गये है। वह आम लोगों से वोट नहीं मांग रहे थे अपनी सुपिरियारिटी बता रहे थे। जब भगवान जमीन पर सुधार के लिये उतरते है तो आम लोगो के साथ बन्दर भालुओं को भी अपने साथ रखते है। विपक्ष और पक्ष एक ही तराजू पर थे। जनता को दो में से एक को चुनना ही था। पन्डित नेहरू के बाद मोदी ऐसे राजनितिज्ञ है जो तीन टर्म एक ही चुनाव क्षेत्र से जीत कर प्रधानमंत्री बने है। पर यह खुशी पार्टी के चेहरों पर उतनी खुशी नहीं ला पा रही थी जितनी होनी चाहिये थी। क्योकि भाजपा अपने बलबूते पर बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी है उसे एनडीए के घटको पर बहुमत के लिये निर्भर रहना पड़ रहा है। भाजपा एक राष्ट्र, एक राष्ट्रीय नेता मोदी पर अटकी रही। आज शाम प्रधानमंत्री की शपथ लेगे। उनके दिमाग में यह बात गूजती रहेगी अपनी पार्टी के दम पर वह प्रधानमंत्री नही बने है।

कांग्रेस जो चुनाव चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी, इवीएम पर भाजपा को जिताने का भाषणों में आरोप लगा रही थी। जैसे ही उसे पता चला पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है दोष गिनाना भूल गई। मतदाता नेताओं से ज्यादा समझदार निकले वे जात, सम्प्रदाय, धर्म, मुस्लिम, हिन्दू वामजाल में नहीं फंसी। नेताओं को उनकी औकात बता दी। मोदी अपने प्रचार में हर अच्छी चीज का श्रेय अपने दे रहे थे। गरीबों को मुफ्त राशन, बेघरों को घर, पानी सप्लाई, गांव में हर घर में शौचालय सबकी उनकी बदौलत सम्भव हुआ है। पर यह भूल गये जिन्हें मुफ्त सिलेन्डर दिये। वे मंहगाई से त्रस्त है, सिलेन्डर खरीदने को पैसे नहीं है। गरीब तबका महंगाई से परेशान है। युवकों में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है परिक्षाओं के पेपर बराबर लीक हो रहे है, परिक्षाओं में मारिकग भी त्रुटीपूर्ण हो रही है। सबका खामिया नौजवान विद्यार्थी उठा रहे है। चाहे सर्विस की परीक्षा हो या शिक्षा की परीक्षा सब अस्त व्यस्त चल रही है। भ्रष्टाचार निवारण प्रतिस्पर्धियों और विरोधी पक्ष को डीमारलाइज करने का प्रयास लग रहा था। एजेन्सियों पर लोग सवालिया निशान लगा रहे है। मोदी चापलूसों से घिर गये है जो वास्तविक स्थिति नहीं बताते है। मीडिया भी साथ दे रही है। पैसा इनफ्रास्ट्रक्चर पर भारी मात्रा में खर्च किया जा रहा है। जनता की मूलभूत समस्यायें अनदेखी हो रही है। अयोध्या और धर्म कुछ ज्यादा हाबी हो गया था। मोदी की योग्यता, मजबूती, दूरदर्शिता, बड़े निर्णय लेने की क्षमता, भारत को गरीबी से निकाल समृद्धि की ओर ले जाने की क्षमता, सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनाने की क्षमता सभी कुछ है जिसे वे प्रदर्शित भी करते रहते है। अब जब ऐतिहासिक रूप से पन्डित नेहरू के बाद लगातार तीन टर्म के प्रधानमंत्री बनने का रिकार्ड स्थापित कर रहे है। इस चुनाव के अनुभवों से सबक लेकर अपनी महानताओं को सही दिशा और धार देगे। हर भारतवासी का सपना पूरी करेगे। उनमें अथाह आध्यात्मिक शक्ति है सब कुछ कर पाने की दुनियां उनका लोहा मान रहीं है। एक डाल पर बैठ कर भी अलग तरह के पक्षी है। लोक कल्याण नारा है।

# फ़्रूट जूस बेच रही कंपनियां व उपभोक्ता गंभीरता से ध्यान दें


किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में मानवीय स्वास्थ्य के ऊपर गंभीरता से ध्यान दिया जाता है। वर्तमान समय में हर देश अपने-अपने वार्षिक बजट में स्वास्थ्य विभाग को अधिक धन एलोकेट करने की कोशिश करता है ताकि अपने स्वास्थ्य विभाग को आधुनिक संसाधनों व इंफ्रास्ट्रक्चर से अधिक मजबूत किया जा सके। विशेष रूप से यह गंभीरता कोविड-19 के भयंकर दुष्परिणाम के कारण आई है,क्योंकि इसके भीषण नकारात्मक नतीजे को दुनिया के हर देश ने भुगते है। स्वास्थ्यसेवा को गंभीरतासे लेनें की बात आज हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत की खाद्य सुरक्षा मानक एजेंसी एफएसएसएआई ने हाल ही में एक आदेश जारी किया है कि फ्रूट जूस बेच रही कंपनियों के लेबल,खड्डे, डब्बे पर 100 प्रतिशत केवल फलों के रस का दावा किया जाता है जो के कानून के हिसाब से बिल्कुल उचित नहीं है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम 2008 में 100 प्रतिशत दावा करने का कोई प्रावधान है ही नहीं, इसलिए इस दावों को सभी कंपनियां 1 सितंबर 2024 से पहले सभी जूस प्री प्रिंटेड पैकेज सामग्रियों से हटाने का आदेश जारी किया गया है क्योंकि इसका सीधा-सीधा संबंध मानवीय स्वास्थ्य से है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम 2018 में 100 प्रतिशत दावा करने का कोई प्रावधान नहीं है।**

साथियों बात अगर हम हाल ही में जारी एफएसएसएआई के आदेश की करें तो, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर (एफबीओ) को अपने प्रोडक्ट पर 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावे को हटाने का निर्देश दिया है,खाद्य नियामक ने कहा कि इस तरह के दावे भ्रामक हैं, खासकर उन स्थितियों में जहां फलों के रस का मुख्य घटक पानी है और प्राथमिक घटक यानी जिसके लिए दावा किया गया है, केवल सीमित सांद्रता (कॉन्संट्रेशन) में मौजूद है। वहीं फलों के रस को पानी और फलों के सांद्रण का उपयोग करके पुनर्गठित किया जाता है।

एफबीओ को खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) विनियमन, 2011 के नियमों के तहत फलों के जूस के मानकों का अनुपालन करने के लिए कहा गया है। देशभर में तमाम ब्रांड के डिब्बाबंद या पैकेज्ड जूस पर 100 प्रतिशत फलों का जूस लिखने का दावा किया जाता रहा है। फलों का जूस हम सभी पीना पसंद करते हैं,क्योंकि फलों के जूस को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या हम जो जूस पी रहे हैं उसमें 100 प्रतिशत




जूस है? हाल ही में खाद्य उद्योग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रामक दावों को रोकने के उद्देश्य से एफएसएसएआई ने सभी फूड बिजनेस ऑपरेटर (एफबीओ) को अपने प्रोडक्ट पर 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावे को हटाने का निर्देश दिया है। इस अधिदेश में प्रींटेड लेबल किसी भी दावे के साथ-साथ वस्तुओं के विज्ञापन भी शामिल हैं। एफएसएसएआई के अनुसार, यदि एडेड न्यूट्रिशन स्वीटनर 15 ग्राम/किग्रा से अधिक है, तो प्रोडक्ट को स्वीट जूस लेबल किया जाना चाहिए. इसके अलावा, निर्देश में कहा गया है कि ब्रांडों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इंग्रीडिएंट लिस्ट का मसौदा तैयार करते समय कंसन्ट्रेट से रेकॉन्स्टिटूड जूस के नाम के सामने रेकॉन्स्टिटूड शब्द का उल्लेख किया गया है।एफएसएसएआई ने 100 प्रतिशत फलों के जूस के रूप में विज्ञापन वाले प्रोडक्ट के बारे में उनके भ्रामक दावों के लिए ब्रांडों को फटकार लगाई है।वास्तव में, ये अक्सर कई प्रकार के रेकॉन्स्टिटूड फलों के जूस बन जाते हैं।एफएसएसएआई बताता है, फलों के जूस का मेन इंग्रीडिएंट पानी है और प्राइमरी इंग्रीडिएंट, जिसके लिए दावा किया गया है, केवल सीमित कंसन्ट्रेटशन में मौजूद होता है, या जब फलों के जूस को पानी और फलों के कंसन्ट्रेट या गूदे का उपयोग करके रेकॉन्स्टिटूड किया जाता है। इसने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के अनुसार, 100 प्रतिशत दावा करने का कोई प्रावधान नहीं है।आधिकारिक बयान के अनुसार, कंपनियों को ऐसे दावों वाली पहले से प्रिंट सामग्रियों को भी 1 सितंबर 2024 तक खत्म करने का निर्देश है एफएसएसएआई के ध्यान में आया है कि कई खाद्य कंपनियां विभिन्न प्रकार के डिब्बाबंद (पुनर्गठित) जूस को 100 प्रतिशत फलों के जूस होने का दावा करके गलत तरीके से विपणन कर रही हैं। खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के अनुसार, डिब्बाबंद जूस को 100 फीसदी फलों के रस होने का दावा करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस तरह के दावे भ्रामक हैं, खासतौर पर उन स्थितियों में जहां फलों के रस का मुख्य घटक पानी है और फल के रस का सीमित मात्रा में उपयोग किया जाता है। इससे पहले, अप्रैल मे एफएसएसएआई ने एफबीओ को हेल्दी ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक के रूप में बेचे जा रहे प्रोप्राइटरी फूड को फिर से कैटेगराइज करने के लिए कहा था. इसने उन्हें अपनी वेबसाइटों पर हेल्दी ड्रिंक/एनर्जी ड्रिंक की कैटेगरी से ऐसे ड्रिंक को हटाने या डी-लिंक करके गलत वर्गीकरण को सुधारने और ऐसे प्रोडक्ट को मौजूदा कानून के तहत प्रदान की गई उचित कैटेगरी में रखने का निर्देश दिया। साथियों बात अगर हम खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम 2018 को जानने की करें तो, खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने भारत में खाद्य व्यापार संचालकों द्वारा खाद्य उत्पादों पर विज्ञापन और दावों की निगरानी के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 जारी किए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-53 के तहत झूठे विज्ञापन और दावे प्रतिबंधित हैं और दंडनीय अपराध हैं। एफएसएसएआई भारत में विभिन्न खाद्य व्यापार संचालकों द्वारा किए गए विभिन्न स्वास्थ्य दावों के बारे में सोशल मीडिया सहित मीडिया रिपोर्टों की निगरानी कर रहा है। इसने उपरोक्त की निगरानी और विनियमन के लिए एफएसएस (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 जारी किए हैं। झूठे विज्ञापन और दावे निषिद्ध हैं और एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा-53 के तहत दंडनीय अपराध हैं।किए गए हर दावे को विनियमन में दिए गए मानदंडों को पूरा करना चाहिए, बिना झूठ या अतिशयोक्ति के।

पोषक तत्व कार्य और अन्य कार्यात्मक दावे वर्तमान वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित होने चाहिए। दावा किए गए स्वास्थ्य लाभ अच्छे नैदानिक अभ्यास के अनुसार, स्थापित शोध संस्थानों द्वारा किए गए नैदानिक अध्ययनों से सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण परिणामों पर आधारित होने चाहिए और उन्हें सहकर्मी की समीक्षा वाली वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित किया जाना चाहिए।

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई ज़द में...


निर्मल रानी

“ विगत 6 जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ़िल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ़ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा ख़ालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। ख़बरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने वाले बयान से बेहद आहत हुई थी।



परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमज़ोर टूटे हुए राष्ट्र पर क़ब्ज़ा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवक़ूफ़ों की तरह नहीं बेच रहे हैं।

हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य ग़लत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल ग़लत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज़ नहीं करनी चाहिये। परन्तु कंगना के इस आतंकवाद वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये आतंकवाद व उग्रवाद पर एक बहस ज़रूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाक़े में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फ़ैज़ाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग 'हिंदू रक्षा दल' नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार 'राम को घर वापसी कराने वाली पार्टी' (भाजपा) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे। अतिवादियों ने प्रशांत भूषण को थप्पड़ और लात मारी। वे फ़र्श पर गिर गए, उनका चश्मा गिर गया और उनकी शर्ट फट गई थी। भूषण के एक हमलावर तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को बाद में भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल कर महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी भी दी थी। हमलावरों ने स्वयं को श्री राम सेना से बताया था। यह वही दक्षिणपंथी हिंदू चरमपंथी समूह था जिसके कार्यकर्ताओं ने 2009 में मैंगलोर के एक पब में बैठी युवतियों पर हमला किया था। यह उग्रवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है और गत वर्ष 31 जुलाई को सुबह 5 बजे जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में घटी उस हिंसक घटना को क्या नाम दिया जाये जब वापी और बोरी वली रेलवे स्टेशन के बीच दौड़ रही इस ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात आर पी एफ़ के एक 30 वर्षीय कॉन्स्टेबल चेतन सिंह ने गोलीबारी कर अपने सीनियर एक इंस्पेक्टर टीकाराम मीणा सहित अब्दुल क़ादिर ,असग़र अब्बास शेख़ व सैयद सैफ़ुल्लाह नामक चार व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। देश में मॉब लिंचिंग के सैकड़ों मामले हो चुके हैं। धर्म व जाति विशेष के लोगों को निशाना बनाया जाता रहता है। गौ रक्षा के नाम पर स्वयंभू गौरक्षक तमाम लोगों को मार चुके हैं। मंत्री सांसद विधायक व स्वयंभू धर्मगुरु धर्म विशेष के लोगों को आतंकी बताते हैं तो कभी उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकियाँ देते हैं। यह आतंकवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है। हिन्दू जागरण के नाम पर आजकल बेख़ौफ़ होकर नफ़रत फैलाई जा रही है। जिससे समाज का सीधा सादा बेरोज़गार युवा उनके झूठे नफ़रत भरे दुष्प्रचार से प्रभावित होकर धर्म विशेष के प्रति उग्र हो रहा है। ऐसे लोगों पर नकेल कसने वाला कोई नहीं।

बल्कि ऐसे असामाजिक व अवांछित तत्वों की किसी न किसी तरह हौसला अफ़ज़ाई की जाती है। पंजाब इस समय पूर्णतयः शांतप्रिय राज्य है। यहाँ शांति क़ायम करने में अनेक लोगों को अपनी जान की क़ुर्बानियां देनी पड़ी है। लिहाज़ा अपनी बदज़ुबानी के लिये मुआफ़ी मांगने या उसपर पश्चात्ताप करने के बजाये किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आतंकवाद की चिंता व्यक्त करने पर जिसे यह भी नहीं पता कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे,सुभाषचंद्र बोस नहीं। जिसे यह भी नहीं पता कि देश 1947 में आज़ाद हुआ था 2014 में नहीं, अफ़सोस ही व्यक्त किया जा सकता है। यदि कहीं अतिवाद का धुआं उठता भी हो तो उसे हवा देने के बजाये उसपर पानी डाल कर धुआं ख़त्म करने की ज़रुरत है। इस सन्दर्भ में राहत इंदौरी का यह शेर ज़रूर याद रखना चाहिये कि -लगेगी आग तो आयेंगे घर कई ज़द में। यहाँ पे सिर्फ़ हमारा मकान थोड़ी है।

## अग्नि परीक्षा : मोदी का तीसरा कार्यकाल


प्रेम शर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके है। लेकिन उनका तीसरा कार्यकाल सहयोगी पार्टियों को साधने, मजबूत विपक्ष के प्रति जबाबदेही के साथ चुनौतियों से परिपूर्ण होगा। चुनाव से पूर्व पूर्ण बहुमत की प्रत्याशा में तीसरे कार्यकाल के लिए बनाई गई योजनाओं में मोदी सरकार को भारी फेरबदल करना पड़ेगा। दल बदलू नेताओं के सहयोग से बनी इस तीसरे कार्यकाल की सरकार को चलाने में प्रधानमंत्री मोदी को अग्नि परीक्षा देनी होगी। कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने के लिए उन्हे काफी विरोध का सामना करना पड़ेगा।

नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल आरंभ हो चुका है। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि पीएम मोदी का तीसरा टर्म उनके पिछले दोनों कार्यकालों से किन अर्थों में और कितना अलग होगा। चाहे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में डेढ़ दशक तक सरकार चलाने का अनुभव हो या केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में एक दशक का, हमेशा सुविधाजनक बहुमत उनके साथ रहा है। उनकी छवि भी बड़े और कड़े फैसले लेने वाले मजबूत नेता की रही है। इस बार उनकी अपनी पार्टी भाजपा बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से दो-चार नहीं पूरे 32 सीटें दूर खड़ी है। ऐसे में तय है कि उनकी सरकार को समर्थन दे रहे जदयू और टीडीपी जैसे दल इसकी कीमत वसूलेंगे।अहम सवाल यह है कि क्या ये दल पदों और विभागों से ही संतुष्ट है या वे सरकार की नीतियों और फैसलों को भी खास दिशा देने की कोशिश करेंगे ? संभावना यही है कि इन दोनों ही मोर्चों पर ये दल अपना दखल बनाए रखना चाहेंगे। ऐसे में यह सवाल बड़ा हो जाता है कि मोदी सरकार 3.0 के दौरान क्या सरकार के कामकाज उसी तरह से चल पाएंगे, जैसे पिछले दो कार्यकालों में चले थे। चूंकि आर्थिक सुधारों पर देश में एक तरह की राजनीतिक सर्वसम्मति रही है, इसलिए यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि सुधारों का अजेंडा ज्यादा प्रभावित नहीं होगा, लेकिन इसकी रफ्तार कम न पड़े, इसके लिए विशेष प्रयासों की जरूरत पड़ सकती है। चुनाव नतीजों में सीटों के पैटर्न पर नजर डालें तो पता चलता है कि 2019 के मुकाबले 2024 में एनडीए को मिली ग्रामीण सीटों में कमी आई है। इसे इस दौरान रेवेन्यू एक्सपेंडिचर में आई गिरावट से जोड़कर देखा जा रहा है। जाहिर है, मोदी सरकार 3.0 इसे दुरुस्त करना चाहेगी। लेकिन पहले उसे बिहार को विशेष दर्जा और आंध्र प्रदेश को विशेष मदद जैसी मांगों से निपटना पड़ेगा। ऐसे में पीएम मोदी के लिए आने वाला दौर चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। नतीजों से यह भी तय है कि देश की राजनीति ने एक करवट ले ली है। पीएम मोदी ने चुनावों के दौरान कहा था लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद देश में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने वाला है। इसके अलावा उन्होंने चुनावों से पहले ही नई सरकार के 100 दिनों का ऐक्शन प्लान तैयार करने की बात कही थी। लेकिन अब उसे सहयोगी दलों का सहारा लेना पड़ेगा। सदन से सड़क तक उसे विपक्ष का जबाब देने के साथ बेरोजगारी और महंगाई पर काबू करने के लिए जबाबदेही तय करनी पड़ेगी। इतना तय है कि मोदी सरकार 3.0 पहले जितनी मजबूत नहीं होगी। पिछले दो कार्यकाल में बीजेपी को सदन में प्रचंड बहुमत हासिल था। इसी का नतीजा है कि बीजेपी ऐसे फैसले ले पाई, जो आसान नहीं थे। फिर चाहे वो आर्टिकल 370 हटाना हो या तीन तलाक कानून बनाना। बीजेपी की लिस्ट में अभी भी कई बड़े फैसले बचे हैं। लेकिन अब इन्हें सदन में पारित करना थोड़ा मुश्किल लगता है। बीजेपी के बकेट लिस्ट में अब सबसे जरूरी मुद्दा है यूसीसी यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड। लेकिन अब इसे लागू करना आसान नहीं होगा। विपक्ष तो इसका विरोध करेगा ही लेकिन पहले एनडीए के सहयोगियों को इसके लिए मनाना पड़ेगा।

# पराजय पर विलाप, जनादेश का अपमान


तनवीर जाफ़री

**जनादेश 2024 तो ज़रूर आ चुका है परन्तु षड़यंत्रकारी एक्ज़िट पोल की हवा निकलने के बाद आये आश्चर्यचकित करने वाले इस जनादेश ने ख़ास तौर पर उन लोगों के मुंह का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है जो अबकी बार 400 पार जैसे फ़र्ज़ी नारों और गोदी मीडिया द्वारा प्रचारित झूठे एक्ज़िट पोल में दिखाई गयी मोदी के नेतृत्व में भाजपा की धमाकेदार वापसी की पूरी उम्मीद लगाये बैठे थे। सत्ता की दलाली करने वाले एक चैनल ने तो अपने एक्ज़िट पोल में एन डी ए को 400 पार करा भी दिया था। परन्तु भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस बार के परिणाम कुछ ऐसे आये हैं कि एन डी ए बहुमत के आंकड़ों को पार करने के बावजूद विलाप कर रहा है जबकि बहुमत के आंकड़ों से दूर रहने के बाद भी विपक्षी गठबंधन में जश्न का माहौल है। चुनाव परिणाम जो भी हों परन्तु परिपक्व राजनीति का तक़ाज़ा तो यही है कि भारतीय लोकतंत्र में जनमत चाहे जो भी हो जैसा भी हो उस का सम्मान किया जाना चाहिये व उसे विनम्रतापूर्ण स्वीकार किया जाना चाहिये। परन्तु इस बार के चुनाव परिणामों के बाद ख़ासतौर पर कुछ विशेष सीटों पर मिली पराजय या उनके अप्रत्याशित नतीजों के बाद पराजित पक्ष के लोगों ने अपना ग़ुस्सा मतदाताओं पर निकालना शुरू कर दिया है। कई पराजित लोग तो मतदाताओं के निर्णय की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक व तीखी प्रतिक्रिया फैज़ाबाद संसदीय सीट को लेकर सुनाई दी।**

इसी लोकसभा सीट के अन्तर्गत अयोध्या विधानसभा क्षेत्र भी आता है जहां निर्मित राम मन्दिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी न केवल फैज़ाबाद,न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के मतदाताओं से यह आस लगाये बैठी थी कि इसी वर्ष 22 जनवरी को हुये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे ऐतिहासिक बहुमत हासिल होगा। इसी सीट से लल्लू सिंह जो कि बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं तथा पांच बार अयोध्या से विधायक और दो बार फैज़ाबाद लोकसभा सीट से ही लोकसभा का चुनाव भी जीत चुके हैं वह तीसरी बार भी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में थे। परन्तु यहाँ के मतदाताओं ने एक अप्रत्याशित जनादेश देते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अर्थात इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 54,567 मतों से जिता दिया। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि चित्रकूट, मेहंदीपुर बालाजी, सलासर धाम जैसी और भी अनेक धर्म नगरियां हैं जहाँ भाजपा धर्म ध्वजा के सहारे जीत हासिल करना चाहती थी परन्तु ऐसे सभी क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है।



हद तो यह है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने स्वयं को अवतारी होने का भ्रम पाल रखा था और 2019 के चुनाव में काशी से ही 4 लाख 71 हज़ार के अंतर से जीत हासिल की थी वे इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को मात्र 152513 मतों से ही पराजित सके। जबकि ऐतिहासिक रोड शो, प्रेस कॉन्फ़्रेंस और गंगा में क्रूज़ यात्रा जैसी शो बाज़ियों के सहारे वे इस बार 10 लाख से अधिक मतों से जीतने का सपना देख रहे थे। राजनैतिक विश्लेषकों का तो यहाँ तक कहना है कि यदि कांग्रेस ने मोदी के मुक़ाबले प्रियंका गांधी को उतारा होता तो शायद इस बार वे प्रधानमंत्री बनना तो दूर सांसद भी नहीं बन पाते। ठीक इसके विपरीत कांग्रेस समाजवादी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में वह धमाका कर दिया जिसकी शायद इण्डिया गठबंधन को भी उम्मीद नहीं थी। यहाँ इण्डिया गठबंधन ने 42 सीटों पर जीत हासिल की। उधर भाजपा द्वारा पप्पू प्रचारित किये गए राहुल गाँधी जहां वायनाड से 3.64 लाख वोटों से जीते वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश के मंत्री बीजेपी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से 3.90 लाख वोटों से पराजित किया। उपरोक्त जनादेश निश्चित रूप से न केवल मंहगाई, बेरोज़गारी, साम्प्रदायिकता तथा धर्म के नाम पर समाज को विभाजित कर जन सरोकार के मूल मुद्दों से जनता जनार्दन का ध्यान भटकाकर उसे धार्मिक भावनाओं में उलझाकर रखने के विरुद्ध था बल्कि यह जनादेश जनता द्वारा सत्ता का घमंड चूर कर देने के लिये भी था। परन्तु जनता के हाथों अपनी मुंह की खाने वाले भाजपाइयों को जो 400 पार और 370 पार जैसे नारों में जी रहे थे उन्हें यह जनादेश क़तई नहीं भाया। इसलिये न केवल अंधभक्तों ने बल्कि साम्प्रदायिक विद्वेष के बल पर अपनी नैय्या पार करने की इच्छा पाले कई पराजित उम्मीदवारों ने भी मतदाताओं को ही गरियाना शुरू कर दिया। अयोध्या-फ़ैज़ाबाद के मतदाताओं को तो इतना कोसा गया व उनके लिये ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया मानो इस लोकसभा सीट की भाजपा ने अपने नाम रजिस्ट्री ही करा ली थी जिसे जनता ने छीन लिया। आख़िर अयोध्या की जनता ने किन कारणों से यह जनादेश दिया ? क्या जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे जैसा नारा जो भाजपाई लगाते फिर रहे थे वह नारा पूरे देश का सर्वस्वीकार्य नारा है ? क्या शंकराचार्यों से लेकर अयोध्या के साधु संत तक इस अहंकारी नारे से सहमत हैं ? अब तो लोग यही मान रहे हैं कि भगवन राम ने ही अहंकारियों को आईना दिखाया है और चेताया है कि धर्म किसी भी व्यक्ति की निजी आस्था व विश्वास का विषय है राजनीति व सत्ता के लिये दुरूपयोग का नहीं। इसी तरह रायबरेली की जनता के हाथों पराजित भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह तो अपनी शर्मनाक पराजय से रायबरेली के मतदाताओं से इतना आग बबूला हुये कि उन्होंने घोषणा कर दी कि वे एक वर्ष के अवकाश पर रहेंगे और रायबरेली की जनता का कोई काम ही नहीं करेंगे। जिसे काम कराना हो वह राहुल गाँधी के पास ही जाये। इसी तरह साम्प्रदायिकतावादी भक्तजन भाजपा के सपने टूटने के लिये कहीं मुस्लिम मतदाताओं को ज़िम्मेदार ठहराते हुये अपशब्द कह रहे हैं तो कहीं दलितों व पिछड़ों को गालियां रहे हैं। सवाल यह है कि क्या देश का मतदाता किसी भी दल या राजनेताओं का ग़ुलाम है जो उनकी इच्छाओं के अनुरूप ही मतदान करे? क्या यह ज़रूरी है कि भक्तों, साम्प्रदायिकतावादियों की नज़रों में जो सबसे ज़रूरी विषय हो मतदाता भी उसे वैसी ही प्राथमिकता दें ? हिमाचल प्रदेश दिल्ली, उत्तरांचल, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा जैसी कई जगहों पर भाजपा ने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। विपक्षी दलों के नेता उन राज्यों के मतदाताओं को तो गलियां नहीं दे रहे हैं ? बल्कि वहां आत्म मंथन की बात कर रहे हैं। एन डी ए ख़ासकर भाजपाई नेताओं व अंधभक्तों को भी मतदाताओं को गरियाने या परिणाम पर विलाप करने के बजाय आत्म मंथन ही करना चाहिये। पराजय पर इस तरह का विलाप व मतदाताओं को कोसना व गालियां देना तो दरअसल जनता जनार्दन द्वारा दिये गये जनादेश का अपमान ही कहा जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# लग्जरी बैग कैरी करने का है शौक, तो ऐसे रखें उनका ख्याल



आजकल के समय में हर महिला व लड़की खुद को स्टाइलिश बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती हैं। नए-नए कपड़े ट्राई करने के अलावा महिलाएं अलग-अलग तरह के बैग्स कैरी करना भी बेहद पसंद करती है। बता दें कि आउटफिट के हिसाब से बैग्स के डिजाइन को भी पसंद किया जाता है। वहीं कई ऐसी महिलाएं व लड़कियां भी होती हैं, जिनको लग्जरी बैग कैरी करना काफी पसंद होता है। कई कंपनियों के बैग लाखों रुपए में आते हैं। इन बैग्स को कैरी करने से आपका लुक भी बेहद क्लासी हो जाता है। ऐसे में अगर आपको भी लग्जरी बैग रखने का शौक है। लेकिन इनके खराब होने के डर से आप इन बैग्स को कैरी करने से डरती हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए लग्जरी बैग को संभालने के कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। इन टिप्स की मदद से आप अपने लग्जरी बैग को सालों-साल इस्तेमाल कर पाएंगी।

## अलमारी में रखें बैग

अगर आप के पास भी लग्जरी बैग हैं तो इनको ऐसे ही अलमारी में रखने से बचना चाहिए। अलमारी में बैग्स को रखने के दौरान इनको वटर पेपर और बबल रेप से लपेट दें। इस तरह से रखने से बैग की शेप खराब नहीं होती है। लग्जरी बैग को प्लास्टिक के बैग के साथ नहीं रखना चाहिए। बैग रखने के लिए डस्ट बैग का इस्तेमाल करना चाहिए।

## बैग्स की सफाई है बेहद जरूरी

बैग चाहे लग्जरी हो या आम, हर बैग की सफाई करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन मंहगे बैग को वाशिंग मशीन में साफ नहीं करना चाहिए। लग्जरी बैग को साफ करने के लिए आप कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही बैग की सफाई के दौरान केमिकल के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

## धूप में बैग को न रखें

अगर आप अपने बैग का इस्तेमाल नहीं कर रही हैं, तो इसे ऐसे स्थान पर ऱखना चाहिए। जहां पर धूप न आए। क्योंकि बैग्स पर ज्यादा तेज धूप पड़ने से इसका रंग फीका या फेड हो सकता है।

## नुकीली चीजों को बैग से रखें दूर

अगर आप भी अपने लग्जरी बैग को सालों-साल इस्तेमाल करना चाहती हैं। तो बैग को नुकीली चीजों से दूर रखना चाहिए। अगर कभी आपको बैग में कोई नुकीली चीज रखनी पड़े तो उसको अलग पाउच में रखें।

## ओवरलोड न करें बैग

आपका बैग लग्जरी हो या न हो, लेकिन बैग को कभी भी ओवरलोड नहीं करना चाहिए। क्योंकि क्षमता से अधिक बैग रखने से यह डैमेज हो सकता है।

# चॉकलेट और मिंट की मदद से समर में बनाएं यह लिप बाम

अक्सर यह देखने में आता है कि लड़कियां अपनी स्किन का तो पूरा ख्याल रखती हैं, लेकिन लिप्स को अक्सर भूल जाती हैं। जबकि लिप्स की स्किन काफी पतली होती है और इसलिए उसे अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। अमूमन उसे खूबसूरत दिखाने के लिए लिपस्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। जबकि आपको उसे सही तरह से पैम्पर करना चाहिए। ऐसे में लिप्स को मॉइश्चराइज करने और उनकी खूबसूरती बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है कि लिप बाम का इस्तेमाल किया जाए। यूं तो आपको मार्केट में भी लिप बाम मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो इसे खुद घर पर भी बना सकती हैं।



2 बड़े चम्मच नारियल का तेल
- 1 बड़ा चम्मच कोको बटर
- 1.5 बड़ा चम्मच बीवैक्स
- 10 बूंद पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल

## लिप बाम बनाने का तरीका

सबसे पहले एक डबल बॉयलर लें और उसमें नारियल तेल, कोको बटर और बीवैक्स डालकर पिघलाएं। आप इसे चम्मच की मदद से तब तक हिलाएं जब तक कि बीवैक्स पूरी तरह से पिघल न जाए। जब यह पिघल जाए तो इसे आंच से उतार लें और अब इसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह से हिलाएं। अब आप इसे जल्दी से लिप बाम ट्यूब या टिन भरें। इसे पूरी तरह से सख्त होने के लिए लगभग एक घंटे के लिए ठंडा होने दें। आपकी लिप बाम बनकर तैयार है। आप इसे नियमित रूप से आसानी से इस्तेमाल कर सकती हैं।

## नोट्स

अगर आप अपने लिप बाम को ब्राउन-चॉकलेट कलर देना चाहती हैं और उसमें कोको की सुगंध को और भी अधिक मजबूत बनाना चाहती हैं तो ऐसे में उसमें 1/2 से 1 बड़ा चम्मच अतिरिक्त अनस्वीटन कोको बटर मिलाया जा सकता है। आपसे कोई गड़बड़ ना हो, इसलिए आपका माप एकदम सटीक होना चाहिए। इसके लिए आप कुछ किचन स्केल का उपयोग कर सकते हैं। ये लिप बाम जल्दी मेल्ट हो सकते हैं, इसलिए इन्हें सीधी गर्मी और धूप से दूर रखें। अगर कार में लिप बाम रख रहे हैं, तो लिप बाम को सीधा रखें ताकि गर्म होने पर उसकी शेप बिगड़ ना जाए।

# क्लासी लुक पाने के लिए लहंगे के साथ कैरी करें

कॉटन फैब्रिक में सबसे अच्छी बात यह होती है कि ब्रीदेबल होते हैं। जिसका मतलब इसे पहनने के बाद आपको ऊबन महसूस नहीं होगी। क्योंकि गर्मियों में यह आपकी बॉडी को ठंडा रखता है। अन्य फैब्रिक के मुकाबले कॉटन पसीने को आसानी सोख लेता है। कॉटन आउटफिट्स ढेरों स्टाइल और कलर में अवेलेबल होती है। इस फैब्रिक को आप कॉलेज से लेकर ऑफिस, किटी पार्टी से लेकर डे आउटिंग या फिर नाइट पार्टीज में भी कैरी कर सकती हैं। हालांकि इनके साथ सिर्फ यही समस्या होती है कि इन कपड़ों को बिना ऑयरन के नहीं पहना जा सकता है। जब भी गर्मियों में आरामदायक फैब्रिक्स की बात आती है, तो इस बात में कोई शक नहीं है कि सबसे पहला नाम कॉटन का होता है। लेकिन आपके वॉर्डरोब में शर्ट से लेकर कुर्ते, टॉप से लेकर बॉटम वेयर्स भी कॉटन में हो। ऐसा पॉसिबल नहीं है। क्योंकि कॉटन के कपड़ों को एक्सट्रा केयर की जरूरत होती है। साथ ही कॉटन फैब्रिक थोड़े महंगे भी होते हैं। हालांकि अपने स्टाइल के साथ सबसे ज्यादा एक्सपेरिमेंट गर्मी के मौसम में ही होते हैं। लेकिन कॉटन-पॉलिस्टर मिक्स आउटफिट्स में यह समस्या नहीं होती है। साथ ही लंबे समय तक पहनने के बाद भी इनमें से बदबू नहीं आती है। कॉटन कपड़ों पर लगे दाग-धब्बों पर लगे दाग भी आसानी से छूट जाते हैं। क्लासी लुक पाने के लिए लहंगे के साथ कैरी करें इस तरह की ज्वेलरी गर्मियों के लिए आरामदायक फैब्रिक्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर लिनन है। कॉटन की तरह ही यह भी हल्का और ब्रीदेबल होता है। लिनन भी पसीने और नमी को आसानी से सोख लेता है। बता दें कि रिंकल्स फैब्रिक की पहचान हल्के रिंकल्स है। यही इन्हें खास बनाते हैं। लेकिन लिनन फैब्रिक की





सबसे अच्छी बात यह होती है कि इनको आप बिना ऑयरन के भी पहन सकते हैं। साथ ही यह आपको क्लासी लुक देने का काम करता है। इनमें बहुत ही सूदिंग कलर्स आते हैं, जो गर्मियों के लिए काफी बेस्ट होते हैं। सिल्क फैब्रिक का सस्ता और अच्छा वर्जन रेयॉन है। यह पतले रेशे से बना होता है। जिसके कारण यह काफी लाइटवेट भी होता है और गर्मियों में यह शरीर में चिपकता भी नहीं है। कंफर्टेबल और ब्रीदेबल होने की वजह से इसको स्पोर्ट्स वेयर से लेकर समर ड्रेसेज़ तक में वैरायटी देखी जा सकती है। हालांकि रेयॉन के कपड़ों को गर्म पानी से नहीं धुलना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी से यह सिकुड़ जाता है। इसलिए इसको नॉर्मल पानी से ही धोना चाहिए। अधिकतर एक्टिव वेयर या एथलेक्टिस वेयर्स से बनाए जाते हैं। यह काफी लाइटवेट भी होते हैं। वहीं पसीने आदि से गीला होने पर यह जल्दी सूख भी जाता है। साथ ही नायलॉन स्ट्रेचबल भी होता है। बता दें कि लंबे इस्तेमाल के बाद भी इस फैब्रिक वाले आउटफिट्स जल्दी खराब नहीं होते।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह शूरवीर थे संभाजी महाराज

छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह ही उनके बेटे संभाजी महाराज वीर तथा प्रतिभाशाली इंसान थे। शिवाजी की मृत्यु के बाद संभाजी ने मराठा साम्राज्य की बागडोर संभाली थी। इस दौरान मुगलों ने उनपर कई आक्रमण किए, लेकिन संभाजी ने कभी भी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके। संभाजी शुरू से ही मुगलों के खिलाफ थे। 14 मई को पुरन्दर के किले में संभाजी का जन्म हुआ था।

14 मई 1657 को पुरन्दर के किले (पुणे) में संभाजी का जन्म हुआ था। संभाजी की माता का नाम सईबाई, जोकि शिवाजी की पहली पत्नी थीं। संभाजी शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र थे। महज 9 साल की उम्र में संभाजी पुरंदर की संधि हेतु मिर्जा राजा जयसिंह के साथ मुगल दरबार में भेजा गया था। साल 1665 में शिवाजी ने मिर्जा राजा जयसिंह के साथ पुरंदर की संधि की थी। इस संधि के अनुसार, शिवाजी को मुगलों के कई किलों को वापस लौटाना था। इस संधि के बाद संभाजी को मुगल मनसबदार बना दिया गया।

वहीं कुछ समय बाद जब शिवाजी अपने पुत्र संभाजी के साथ औरंगजेब के दरबार में गए। तब औरंगजेब ने शिवाजी और संभाजी का आदर सत्कार नहीं किया। इस कारण से गुस्सा होकर शिवाजी आमेर आ गए।

आमेर में शिवाजी व संभाजी को बंदी बनाकर जेल में डाल दिया गया। लेकिन शिवाजी और संभाजी को बंदी बनाकर रख पाना मुगलों के लिए आसान काम नहीं था। शिवाजी और संभाजी ने खुद की बीमारी का बहाना किया। जिस कारण उन दोनों के लिए टोकरे में फल आने लगे। इसी बात का फायदा उठाकर शिवाजी और संभाजी टोकरियों में बैठकर औरंगजेब की कैद से फरार हो गए और वापस पूणे पहुंच गए।



## मुगलों से मिल गए थे संभाजी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संभाजी जब 21 साल के थे, तो वह कामुक सुख की ओर आकर्षित हो गए थे। संभाजी के इस व्यवहार को जानकर शिवाजी ने उनको पन्हाला किले में कैद कर दिया। लेकिन संभाजी अपनी पत्नी को लेकर फरार हो गए थे। इस दौरान वह मुगलों के साथ मिलगए और देशद्रोह के रास्ते पर चलने लगे। जब शिवाजी को संभाजी के इस फैसले के बारे में पता चला तो उनको बहुत दुख हुआ था। हालांकि 1 साल बाद संभाजी को अपनी गलती का एहसास होने पर वह वापस अपने पिता के पास वापस आ गए थे। साल 1681 में सत्ता पाने की चाहत औरंगजेब के चौथे बेटे अकबर ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह कर दिया। जिसके बाद औरंगजेब ने अपने पुत्र को गिरफ्तार करने का आदेश दे दिया। अपने पिता से बचने के लिए अकबर ने संभाजी के पास शरण ले ली। इस दौरान अकबर अन्ना दत्ता तथा कई अन्य मंत्रियों से मिला।

मंत्रियों ने अकबर के माध्यम से राजा राम को गद्दी पर बिठाने का सोचा था। उन्होंने माना था कि वह संभाजी को राजगद्दी से हटा देंगे। इसके लिए मंत्रियों ने अकबर को पत्र लिखा था। लेकिन अकबर ने संभाजी के प्रति वफादारी दिखाते हुए उस पत्र को संभाजी को दे दिया।

मंत्रियों की इस हरकत पर गुस्सा होकर संभाजी ने नमक हराम मंत्रियों की हत्या करवा दी। बताया जाता है कि इस दौरान अकबर संभाजी के साथ करीब 5 सालों तक रहा था। संभाजी भी अकबर से सैनिक व धन की उम्मीद लगाए थे। लेकिन उस दौरान अकबर के पास संभाजी को देने के लिए कुछ नहीं था। वहीं औरंगजेब भी उत्तर भारत से दक्षिण की तरफ आकर रहने लगा।

## मैसूर का अभियान

शिवाजी ने साल 1675 में कर्नाटक का अभियान चलाया था। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए संभाजी ने भी 1681 में मैसूर का अभियान चलाया था। उन्होंने मैसूर को मराठा साम्राज्य में मिलाने के लिए अभियान चलाया था।

इस अभियान में संभाजी की बड़ी सेना को चिक्कादेवराजा ने वापस भेज दिया। क्योंकि चिक्कादेवराजा मुगलों के साथ ज्यादा नजदीक रहा। चिक्कादेवराजा ने मुगलों के साथ बनाई संधि को भी खत्म कर दिया। वहीं संभाजी को उनके साथियों व कवि कैलाश को मुगलों ने बंदी बना लिया था। संभाजी और उनके साथियों को जोकर के कपड़े पहनाकर मुगल सरदारों द्वारा बेइज्जत किया गया था। इस दौरान औरंगजेब ने संभाजी को बहुत प्रताड़ित किया था। औरंगजेब ने संभाजी को इस्लाम कुबूल करने और अपने सामने झुकाने के लिए काफी विवश किया। लेकिन संभाजी अपने धर्म के लिए प्राणों की आहूति देने के लिए तैयार थे। इस्लाम धर्म कुबूल करने के लिए संभाजी ने कहा यह तभी संभव होगा जब औरंगजेब अपनी बेटी का हाथ उनके हाथों में दे दें। संभाजी की यह बात सुन औरंगजेब आगबबूला हो गया। उसने संभाजी को कठोर दंड देने और कोड़ा मारने का आदेश दे दिया। साथ ही मुगल सैनिकों ने संभाजी और उनके साथी कवि कैलाश की आंखे व जीभ निकाल ली थी। बताया जाता है कि औरंगजेब इतना क्रूर शासक था कि उसने संभाजी को तड़पाने के लिए उनके नाखून तथा त्वचा को भी उखाड़ दिया था। इतना प्रताड़ित करने के बाद संभाजी महाराज की लापुर (पुणे) में भीमा नदी के किनारे कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं कुछ इतिहासकारों का मानना है कि संभाजी के शरीर को काटकर नदी में फेंक दिया गया था।

# जनगण के महाकवि थे गुरु रविंद्र नाथ टैगोर


महाकवि रवींद्रनाथ टैगोर को जनगण का कवि कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुरुदेव टैगोर दुनिया के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिनके लिखे दो गीत दो देशों के राष्ट्रगान बने हैं। उनका लिखा गीत जन गण मन भारत का राष्ट्रीय गान बना है। वही उनका लिखा एक दूसरा गीत आमार सोनार बांग्ला बांग्लादेश का राष्ट्रीय गान है। दुनिया में गुरुदेव जैसे विरले ही लोग होते हैं जिन्हें इतना बड़ा सम्मान मिला है। जिनके लिखे गीत दो देशों के राष्ट्रगान बनकर अमर हो गए। भारत और बांग्लादेश में जब भी कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम होता है तो गुरुदेव टैगोर द्वारा लिखित गीत राष्ट्रीय धुन के रूप में गाए जाते हैं। गुरुदेव के लिखे इन गीतों के माध्यम से उन्हें हर समारोह में याद किया जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को हुआ था। वह अपने अभिभावक की 13वीं संतान थे। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर शुरुआत से ही समाज के लिए समर्पित थे। बचपन में सभी रवींद्रनाथ को रबी नाम से बुलाते थे। वहीं बड़े होने के बाद उनको गुरुदेव के नाम से भी ख्याति मिली। महज 8 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली कविता लिखी थी। जिसके बाद 16 साल की उम्र में उन्होंने नाटक व कहानियां लिखनी शुरू कर दी थीं। रवींद्रनाथ की शुरूआती शिक्षा सेंट जेवियर स्कूल से हुई। रवींद्रनाथ के पिता उन्हें बैरिस्टर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने रवींद्रनाथ का साल 1878 में लंदन के विश्वविद्यालय एडमिशन करवा दिया। लेकिन उन्हें तो साहित्य में रुचि थी। इसलिए वह साल 1880 में यूनिवर्सिटी से बैरिस्टर की डिग्री लिए बिना ही वापस अपने देश लौट आए। 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ था।

## टैगोर की रचनाएं

रवींद्रनाथ टैगोर की रूचि बहुत सारे विषयों में थी। उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी ख्याति फैलाई। इसीलिए उनको एक महान कवि, लेखक, चित्रकार व समाजसेवी कहा जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर ने करीब 2230 गीतों की रचना की। उनकी रचनाएं, बंगाली संस्कृति, संस्कृति में थे। वह साहित्य के क्षेत्र में अमिट योगदान देने वाले एक महान साहित्यकार थे। यह तो आप सभी जानते होंगे कि रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान जन गण मन को लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश का राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला भी लिखा है। लेकिन बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि श्रीलंका के राष्ट्रगान का एक हिस्सा टैगोर की कविता से प्रेरित है।

## टैगोर की कार्यशैली

रवींद्रनाथ टैगोर निरंतर कार्य करने पर विश्वास रखते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई ऐसे कार्य किए हैं। जिससे लोगों का भला हुआ है। बता दें कि उन्होंने साल 1901 में शांतिनिकेतन की स्थापना की थी। जहां पर पढ़ने वाले हर विद्यार्थी को अच्छा माहौल देने के लिए टैगोर ने शान्तिनिकेतन में पेड़-पौधों के साथ प्राकृतिक माहौल तैयार किया था। उनके अथक प्रयासों के बाद शांतिनिकेतन को विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ।





## उपलब्धियां

गुरुदेव को उनके जीवन काल में कई उपलब्धियों से नवाजा गया था। लेकिन उनको साल 1913 में गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। रवींद्रनाथ टैगोर भारत को और बांग्लादेश को उनकी सबसे बड़ी अमानत के तौर पर राष्ट्रगान दिया। जिसमें भारत का राष्ट्रगान जन-गण-मन है तो वहीं बांग्लादेश का राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला है। टैगोर की अपने जीवन में तीन बार अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक से भी मिले। बता दें कि अल्बर्ट आइंस्टीन उन्हें रब्बी टैगोर कह कर पुकारते थे। कोई भी भारतीय नहीं होगा जो रविंद्रनाथ टैगोर को नहीं जानता होगा। राष्ट्रीय कवि रविंद्रनाथ टैगोर ऐसी शख्सियत थे जिन्होने कई कविताएं, उपन्यास, कहानी लिख कर साहित्य के विभिन्न विद्याओं में अपनी उत्कृष्ट योगदान देकर संसार भर में ख्याति प्राप्त की। रविंद्रनाथ टैगोर ने अपनी रचना से ना केवल हिंदी साहित्य के विकास में योगदान दिया। बल्कि अनेकों कवियों और साहित्यकार को भी प्रोत्साहित किया है। वह एक ऐसे प्रकाश स्तंभ थे जिन्होंने पूरे संसार को अपनी रचनाओं के माध्यम से आलोकित किया।

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं। रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। गुरूदेव रविंद्रनाथ जी की रचनाओं की यही विशेषता थी कि वह अपनी रचनाओं में मानवीय दुखों और निर्बलता को बहुत ही कलात्मक ढंग से लिखते थे। अपनी सभी रचनाओं को मन और आत्मा से लिखते थे। यही कारण है कि उनकी ज्यादातर रचनाएं विश्व प्रसिद्ध हो गई। वे अपने माता-पिता की तेरहवीं संतान थे। उनका जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ था। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। रवींद्रनाथ टैगोर जी अपनी शुरुआत की पढ़ाई कोलकाता में प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल की। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया। फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया। किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश पुनः लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर की माता का निधन उनके बचपन में हो गया था और उनके पिता व्यापक रूप से यात्रा करने वाले व्यक्ति थे। अतः उनका लालन-पालन अधिकांशतः नौकरों द्वारा ही किया गया था। टैगोर के भाई सतेंद्र टैगोर सिविल परीक्षा पास करके एक अच्छी नौकरी करते थे और दूसरे भाई ज्योतिरेंद्रनाथ संगीतकार और नाटक के कवि थे। हिंदी साहित्य में टैगोर का योगदान बहुत ही बड़ा और अविस्मरणीय है। मात्र 13 साल की उम्र में ही रविंद्र नाथ टैगोर जी की पहली कविता अभिलाषा एक तत्व भूमि नाम की पत्रिका में छपी थी। इंग्लैंड से वापस आने के बाद इन्होंने बंगाली भाषा में लिखना शुरू कर दिया था।

1877 तक उन्होंने अनेकों रचनाएं की और कई रचनाएं अनेकों पत्रिकाओं में छपी। 1842 में रविंद्र नाथ टैगोर जी ने हिंदू मुस्लिम - एकता और घरेलू उद्योगों के विषय पर एक गंभीर लेख लिखा। 1860 में इन्होंने पहला उपन्यास गोरा लिखा। रविंद्र नाथ जी एक अच्छे लेखक के साथ-साथ एक अच्छे दर्शन शास्त्री भी थे। रवींद्रनाथ टैगोर को ब्रिटिश सरकार ने सर की उपाधि से भी नवाजा था। हालांकि साल 1919 में जलियांवाला बाग में हुए कत्लेआम के विरोध के तौर पर उन्होंने सर की उपाधि को वापस कर दिया था। कहा जाता है कि टैगोर को कलर ब्लाइंडनेस था। इसके अलावा वह प्रोस्टेट कैंसर से भी पीड़ित थे। 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर का निधन हो गया।

# भविष्य निधि पर ऋण प्राप्त करें

प्रोविडेंट फंड के एवज में लोन लेना मुश्किल नहीं है, हालांकि आपको कुछ प्रक्रियाओं को ध्यान में रखना चाहिए। निकासी ऋण के बजाय अग्रिम का प्रतिनिधित्व करती है। विशिष्ट शर्तों के आधार पर आपके पूरे रोजगार की अवधि के दौरान अग्रिम लिया जा सकता है। अग्रिम प्राप्त करने के कारण के साथ-साथ कर्मचारी की सेवा के वर्षों की संख्या भी बहुत अधिक होनी चाहिए।

## पीएफ के खिलाफ ऋण प्राप्त करने के कारण

क्या आप जानते हैं कि आप अपने ईपीएफ अंशदान पर भी ऋण प्राप्त कर सकते हैं? हाँ, यह संभव है! ईपीएफ रिजर्व के खिलाफ अग्रिम को सामान्य ऋण नहीं माना जाता है और इसलिए आपको उस पर कोई ब्याज देने की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि भविष्य निधि पर लोन केवल नीचे दिए गए उद्देश्यों के लिए ही उपलब्ध होता है, जैसे

शादी शिक्षा गंभीर बीमारी घरों की खरीद या निर्माण भूखंड की खरीद गृह ऋण का पुनर्भुगतान घर




का नवीनीकरण यदि कर्मचारी कोई ऋण या अग्रिम प्राप्त करना चाहते हैं तो उनका केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) विवरण उनके यूएएन या यूनिवर्सल अकाउंट नंबर से ठीक से जुड़ा होना चाहिए। कर्मचारी भविष्य निधि वेतनभोगी वर्ग द्वारा सेवानिवृत्ति निधि जमा करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय वित्तीय साधनों में से एक होता है। संगठन यह सुनिश्चित करते हैं कि आपके वेतन का एक निश्चित हिस्सा ईपीएफ से काट लिया जाए। आपकी सैलरी स्लिप में कर्मचारी का उसके ईपीएफ खाते में योगदान दिखता है। आपके नियोक्ता द्वारा भी एक समान योगदान दिया जाता है। नियोक्ता आपके मूल वेतन का अनिवार्य 12 प्रतिशत + महंगाई भत्ता + प्रतिधारण भत्ता काटता है और इसे आपके योगदान के रूप में चिह्नित करता है। वही 12 प्रतिशतनियोक्ता द्वारा भी योगदान दिया जाता है। लेकिन इसका 8.33 प्रतिशत हिस्सा पेंशन फंड में चला जाता है और बाकी ईपीएफ के पास रहता है। किए गए योगदान से आपको ब्याज भी मिलता है। मौजूदा समय में ईपीएफ पर ब्याज दर 8.50 फीसदी है। इस ऋण को सफलतापूर्वक स्वीकृत करने के लिए अग्रिम फॉर्म / फॉर्म 31 को अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ सावधानी से जमा किया जाना चाहिए। ईपीएफओ पोर्टल पर ही ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।कर्मचारियों को विचाराधीन पोर्टल के लिए अपने यूएएन लॉगिन का उपयोग करना चाहिए। ईपीएफ अग्रिमों के लिए जिन प्रमुख नियमों और विनियमों का पालन किया जाना चाहिए उनमें निम्नलिखित शामिल हैं- पीएफ निकासी श्रेणी के आधार पर एक कर्मचारी को सेवा में विशिष्ट वर्षों की संख्या पूरी करनी चाहिए। प्रत्येक संगठन में कर्मचारी द्वारा पूरी की गई सेवा अवधि की गणना समग्र सेवा की गणना के लिए की जाती है।

# अयोध्या में सपा की जीत 56 सदस्यों की टीम नें नेताजी के समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर माथा टेक कर लिया आशीर्वाद

**वहाज अली निहाल**

**इटावा, सैफई।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की समाधि समाजवादियों के लिए आस्था का एक बड़ा संगम बन गया है। लोकसभा क्षेत्र 54 फैज़ाबाद(अयोध्या) से समाजवादी पार्टी समर्थित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को समाजवादी पार्टी ज़िला संगठन अयोध्या के पदाधिकारीयों ने सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में 56 सदस्यों की टीम अयोध्या से सैफई पहुंचकर नेताजी की अंत्येष्टि स्थल पर पुष्प अर्पित कर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। जिला संगठन के पदाधिकारी अयोध्या से निकालने के उपरांत सबसे पहले समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ पहुंचे वहां पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से भेंट कर आशीर्वाद लिया और वहां से सैफई के लिए रवाना हो गए। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि संगठन पदाधिकारियों की चुनाव के दौरान मान्यता थी कि यदि फैज़ाबाद लोकसभा (अयोध्या) से जीत होगी तो हम लोग नेताजी की अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित करते हुए नेता जी को श्रद्धांजलि देंगे। अयोध्या धाम से सैफई धाम तक की यात्रा में लगभग पांच दर्जन लोग शामिल रहे सबने नेता जी की अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचकर नम आंखों के साथ नेताजी अमर रहे का नारा लगाते हुए पुष्प अर्पित किया, अयोध्या की जीत के बाद पूरे देश और विदेश तक



भाजपा की हार की चर्चा सोशल मीडिया पर निरंतर देखी जा रही है। श्री यादव ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व में नेताजी की विचारधारा को आगे बढ़ते हुए लोकसभा चुनाव में सभी वर्गों को प्रत्याशी के बना कर जहां एक ओर सबको भागीदारी दी वहीं दूसरी ओर लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान की सुरक्षा के लिए जनता पूरी तरह अखिलेश यादव पर विश्वास किया।

सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद ने कहा कि अयोध्या की महान जनता ने सपा प्रत्याशी को जिताकर पूरे देश को संदेश देने का काम किया है कि जनता को बहुत दिनों तक धार्मिक मुद्दों के आधार पर भडटकाया नहीं जा सकता है, एक ओर जहां जनता मंहगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त है वहीं दूसरी ओर जनपद अयोध्या में विकास के नाम पर किसानों की कीमती जमीन को अधिकृत करके उद्योगपतियों को महंगे रेट पर बेचा गया है। इस यात्रा में ज़िला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, औरौनी पासवान, राजेश पटेल, ललित यादव, आकिब खान, अनित शुक्ला, जे0पी0यादव, राम जी पाल, छोटे लाल यादव, कृष्ण कुमार पटेल, बलराम मौर्य, जय सिंह यादव, राशिद जमील, सावेज जाफरी, शाहिद हुसैन रूमी, विद्या भूषण पासी, नरेंद्र यादव अजय, अजय वर्मा राजू, राजेश यादव, गया प्रसाद यादव, रेहान खान, विंध्याचल सिंह, मोहम्मद अली, चौधरी शहर यार, आमिर खान, अनुभव रावत, तरजीत गौड़, राम बहादुर यादव, विपिन यादव, अजीत यादव, जगजीवन पटेल, दिनेश पटेल, प्रकाश वर्मा, राजकुमार निषाद, संजय चौधरी, पंकज आज़ाद कोरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मांट में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मनरेगा में गांव प्रधान किस तरह दबंगई के साथ गड़बड़ी कर रहे हैं उसका उसका उदाहरण मांट ब्लाक के गांव विवावली में देखने को मिला। जहां मनरेगा में हो रहे घपले की शिकायत करना एक शिकायतकर्ता को मंहगा पड़ गया। उसके साथ प्रधान पक्ष के दबंगों ने जांच अधिकारियों के समक्ष मारपीट कर दी।

मांट ब्लाक की ग्राम पंचायत ढकू निवासी चरण सिंह द्वारा लोकयुक्त लखनऊ को ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा में अपने परिवार के नाबालिगों के फर्जी जॉब कार्ड बनाकर भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। शिकायत में चरण सिंह ने आरोप लगाया है कि विबावली ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा अपने ही परिवार के नाबालिगों के मनरेगा के फर्जी जॉब कार्ड बनाकर ब एससी जाति दर्शाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जबाकि शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर प्रधान के परिजन नाबालिग हैं। शिकायत के बाद लोकायुक्त लखनऊ से जांच के आदेश के बाद मंगलवार को वीडिओ मांट सत्येंद्र सिंह , एडीओ पंचायत गिर्राज प्रसाद , एडीओ कृषि कंचनवीर सिंह, सचिव मुनेंद्र सिंह पंचायत घर ढकू पर जांच करने आए थे। जांच अधिकारी ने शिकायत कर्ता भारतीय किसान यूनियन चढूनी के तहसील अध्यक्ष मांट चरण सिंह पावर को फोन करके पंचायत घर पर बुलाया।

शिकायत कर्ता चरण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह दोनों पंचायत घर पर गए और अपना पक्ष जांच के अनुसार रखा। प्रधान पक्ष के दबंग लोग अजय वीर जयप्रकाश पुत्रगण हरदयाल सिंह योगेश विजयपाल अशोक राजकुमार पुत्रगणअ जयवीर हरिओम उमेश पुत्रगढ़ सुखवीर ने एक राय होकर शिकायत कर्ता पर जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया और दोनों को लाठी डंडे लात घूंसों से बुरी तरह मारा पीटा गया। जबकि जांच अधिकारी बैठे-बैठे मारपीट होते देखते रहे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच में वही अधिकारी आए जो लोकायुक्त में जिनको पार्टी बनाया गया है। इससे यही सिद्ध होता है कि जांच अधिकारी व प्रधान पक्ष के लोगों द्वारा षड्यंत्र के तहत शिकायत कर्ता को पीटा गया। मारपीट से शिकायत और उसके साथी को कई चोटें आई मौजूद मौके पर अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कराई। शिकायत कर्ता चरण सिंह और प्रेम पाल ने मारपीट की थाना मांट में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है, पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया है। अभी तक तहरीर को जीडी में दर्ज नहीं किया है।

वहीं डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय से फोन पर बात करने की कोशिश की तो उनको फोन नहीं उठा।

# 22 सेवायोजकों के यहां से मुक्त कराए 24 बाल श्रमिक, अभियान जारी

**अवधनामा संवाददाता**

- विगत वित्तीय वर्ष 91 सेवायोजकों के यहां से मुक्त कराए 123 बाल श्रमिक
- श्रम विभाग की कार्यवाही से मचा बालकों से श्रम कराने

**मथुरा।** विश्व बाल श्रमिक उन्मूलन दिवस पर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत विगत वित्तीय वर्ष में चलाए गए , बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत 91 सेवायोजकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए123 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। गत वर्ष मैं राज्य सरकार के निर्देशन में जून माह में बाल श्रमिक उन्मूलन अभियान चल रहा है जिसमें 1 जून से अब तक 22 प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई कर 24 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। सभी सेवायोजकों के विरूद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर किया गया। यह जानकारी देते हुए सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश को बाल श्रमिक समस्या से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं प्रदेश को बाल श्रमिक समस्या से पूरी तरह मुक्त कराया जाए। बाल श्रम उन्मूलन अभियान में 13 निरीक्षण में खतरनाक प्रक्रिया में नियोजित करने वाले नियोजकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 24 बाल श्रमिकों एवं गैर खतरनाक श्रेणी में 1 जून से अब तक 24 बाल श्रमिकों को चिन्हित करके मुक्त कराया गया है। पिछले वर्ष 91 नियोजकों के विद्व कार्यवाही करके 123 बाल श्रमिकों को कार्य से प्रथक कराया। श्री पाल ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में एक जून से 30 जून तक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा एक टीम गठित की गई है। इस अभियान के तहत जनपद में अब तक 22 नियोजकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 24 बाल श्रमिकों को चिह्नित किया गया है। सेवायोजकों विरुद्ध न्यायिक कार्यवाही की जा रही है। सभी नियोजकों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान पर किसी भी बाल श्रमिकों से कार्य नहीं करायें, अन्यथा उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## फुटपाथ पर फड लगाने वाले 12 लोग गिरफ्तार

**मथुरा।** फुटपाथ पर फड लगाकर या दुकान सजा कर बैठने वालों की खैर नहीं है। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले रास्ते पर फड लगाने वाले ऐसे ही 12 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन का शांतिभंग में चालान किया गया है। वहीं आगे से ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है। साथ ही फुटपाथ पर फूल मालाओं के अलावा अन्य सामान की बिक्री करने वाले लोगो को हिदायत दी है कि रास्ते में कहीं भी फड़ लगाकर अपने सामान की बिक्री न करें। जिससे कि रास्ते गुजरने वाले श्रद्धालुओ को किसी प्रकार परेशानी का सामना करना पड़े। अगर कोई भी दुकानदार नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के साथ जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जायेगी। मंगलवार को 12 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया और इन्हें थाने ले गई।

# युवजन सभा ने आदित्य यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया

- अंध स्पर्श विद्यालय में बच्चों को फल वितरण भी किये

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** आदित्य गोविंद यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी युवजन सभा ने बुधवार को अपनी टीम के साथ सिंचाई विभाग डाक बंगला में बदायू से सांसद एवं अध्यक्ष डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक इटावा आदित्य यादव अंकुर का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। तत्पश्चात पक्का तालाब पर अंध स्पर्श विद्यालय पहुंचकर बच्चों में फल वितरण तथा आदित्य यादव अंकुर के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सभासद



अभिषेक त्रिपाठी सभासद अरविंद यादव महिपाल शाक्य अविनाश कुशवाह योगेश यादव रॉबी यादव विवेक कुशवाह आशू संदीप सिँह अंशुल ऋषभ रिशू वर्मा डॉ. सूर्यभान कठेरिया प्रफुल्ल कठेरिया अवनीश जाटव अरविन्द यादव गोलू शिवम कन्हैया सभासद केशव सभासद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल भदौरिया ने किया।

## रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कराया जाएगा कड़ाई से पालन

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक हुई संपन्न। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक अरुण कुमार तथा समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों को कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए तथा अनुपालन न करने वालों को नोटिस व आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वर्षा से पूर्व समस्त नालों की सफाई , नहरों की सफाई, तालाबों की खुदाई, तथा समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। समस्त बीडीओ जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी थी मुहिम, जान देकर चुकाई कीमत

**अवधनामा संवाददाता**

- सरकारी अधिकारियों ने अनशन को लिया था हल्के में

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के नौहझील थाना क्षेत्र में चार माह से भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठे बुजुर्ग की मौत हो गई। मंगलवार देर शाम उनकी तबियत खराब हुई थी। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।

देवकीनंदन शर्मा (66) अपने आवास में बने मंदिर नगरकोट धाम पर 12 फरवरी 2024 से भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे थे। उनकी प्रमुख मांगों में जिला पंचायत राज अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों में भ्रष्टाचार, गांव में शौचालय, सामुदायिक शौचालय, मिनी सचिवालय, मनरेगा आदि कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच करना था।

वह पिछले 13 वर्षों से लगातार शिकायतें भेज रहे थे। दर्जनों बार धरना, अनशन, पद यात्रा की, मगर अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके उल्टा अधिकारियों ने शिकायतों पर गलत आख्या लगाकर रफा दफा कर दिया। समस्याओं को लेकर वह आमरण अनशन पर बैठे थे। सोमवार शाम एसडीएम मांट आदेश कुमार धरना स्थल पहुंचे। अनशन खत्म कर शरीर का चेकअप कराने को कहा। देवकीनंदन ने लिखित में समस्याओं का समाधान मांगा। इस पर बात नहीं बनी। मंगलवार देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी नौहझील ले गए। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन में चीख पुकार मच गई। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अनशन पर बैठे देवकीनंदन शर्मा की तबीयत बिगड़ने से मौत हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पिछले चार माह से भ्रष्टाचार के खिलाफ बुजुर्ग देवकीनंदन शर्मा अनशन पर बैठे थे। मगर किसी भी अधिकारी द्वारा कोई सुध नहीं ली गई। अगर अधिकारी सुध लेते तो शायद बुजुर्ग को अपनी जान न गंवानी पड़ती। अनशन पर बैठने के साथ ही इन्होंने अन्न जल सब त्याग रखा था। मगर अधिकारियों द्वारा आमरण अनशन हल्के में लिया गया।

## ब्रज रज की बिक्री करने वालों के खिलाफ हो कड़ी कार्यवाही: सुजीत

**मथुरा।** बृज की रज बिकने की खबर से हर कोई हैरान है। रज को बेचने वालों को शायद यह नहीं मालूम है बृज की रज अनमोल है।

इसकी कोई कीमत नहीं है। ब्रज दर्शन करने आने वाले लाखों श्रद्धालु इस रज को अपने मस्तिष्क से लगाते हैं और उसमें लोटपोट होते हैं।

ऑनलाइन वस्तुओं की बिक्री करने वाली एक कंपनी की वेबसाइट पर ब्रज की रज तीन हजार रुपये किलो बिक रही है।

इसमें पचास प्रतिशत की छूट भी दर्शाई जा रही है।गौरतलब है कुछ दिनों पहले गोवर्धन से गिरिराज महाराज की शिला बेचने का प्रकरण भी सामने आया था।

# बदायूं सांसद आदित्य यादव का जन्म दिन कचहरी में केक काटकर व लड्डू वितरण कर मनाया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** बदायूं सांसद आदित्य यादव का जन्म दिन कचहरी परिसर में बुधवार को केक काटकर मनाया व लड्डू वितरण किये। अधिवक्ताओं ने राजू यादव (एडवोकेट)प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य(बब्लू), जिला महासचिव वीरभान सिंग (वीरू) भदौरिया, मनोज शाक्य एडवोकेट, राजू यादव प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा, अभिनय यादव जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, विवेक द्विवेदी एडवोकेट, जगवीर



यादव(एडवोकेट), भुवनेश यादव जिला महासचिव अधिवक्ता सभा, अरविंद सिंह चौहान(एडवोकेट), सुभाष चंद्र प्रजापति एडवोकेट, ब्रजेन्द्र गुप्ता एडवोकेट, राजेश प्रजापति एडवोकेट, गुलाब सिंह कुशवाह, रवि यादव एडवोकेट, सुबोध यादव एडवोकेट, लक्ष्मी शंकर यादव एडवोकेट आदि उपस्थिति रहे।

# पांचवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार स्व. बृजेश कुमार सोनी

- प्रेस क्लब ने अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को कराया भोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में प्रेस क्लब के पूर्व वरिष्ठ सदस्य स्व. बृजेश सोनी जी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संरक्षक मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ उपस्थित पत्रकार साथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात प्रेस क्लब के तत्वाधान में जिला अस्पताल परिसर में अन्नपूर्णा भोजन शाला में स्वर्गीय श्री बृजेश कुमार सोनी जी की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा गरीब, असहाय, जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अन्नपूर्णा भोजशाला में सर्वप्रथम प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू,



महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह उपस्थित अन्य पत्रकार साथियों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख जनों उनके पुत्र कृष्णकांत सोनी द्वारा सर्वप्रथम वरिष्ठ पत्रकार स्व.बृजेश कुमार सोनी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया, इसके पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा के लिए प्रार्थना की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि चाचा जी हमेशा सकारात्मक पत्रकारिता करते थे, वह हमेशा जरूरतमंदों की मदद किया करते थे और पर निष्पक्ष, निडर और निर्भीक पत्रकारिता की धनी व्यक्ति थे। पत्रकार साथियों एवं स्वयंसेवी सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख जनों ने अपने-अपने शब्दों में स्वर्गीय बृजेश सोनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सभी पत्रकार साथियों ने गरीब एवं असहाय जनों को भोजन परोसकर सेवाएं दी। अंत में कृष्णकांत सोनी ने उपस्थित सभी पत्रकार साथियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुखजनो एवं उपस्थित सभी महानुभवजनों का आभार व्यक्त किया एवं कहा की आज मेरे पिताजी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आप सभी ने जो प्यार,स्नेह और आशीर्वाद दिया इसके लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।

## नीट परीक्षा को फिर से कराने की उठी मांग

**ललितपुर।** नीट की परीक्षा के परिणामों को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर समाजवादी छात्रसभा और गठबंधन कांग्रेस के नेताओं ने लामबंद होकर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया कि पूरे देश में डाक्टरी की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली जाने वाली नीट परीक्षा के रिजल्ट में अनेकों अभ्यर्थियों के 100 प्रतिशत नंबर इसमें एक ही परीक्षा केंद्र से कई लोगों के एक साथ 100 प्रतिशत नंबर आना एक बड़ी धांधली और संकेत करता है। इससे देश का युवा परीक्षा व्यवस्था में विश्वास खोने लगा है। युवाओं की हताशा का मतलब उनके भविष्य हताश है व अंधकार में है। यह भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामियों में से एक है। उन्होंने राज्यपाल से विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए समाजवादी छात्रसभा व कांग्रेस ने संयुक्त रूप से मांग उठायी कि नीट परीक्षा को रद्द करते हुए फिर से परीक्षा कराये तथा इस भ्रष्टाचार की सीबीआई जाँच करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

## पुलिस ने किया चार किशोरियां अयोध्या से बरामद

**आजमगढ।** सरायमीर थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब सभी चारों किशोरियां अयोध्या स्थित राम मंदिर के समीप बिरला धर्मशाला के पास से बरामद कर ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा इसके लिए पांच टीमें गठित की गई थीं। 11 जून को चारों किशोरियां घर से बिना बताए कहीं लापता हो गई। काफी खोज-बीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने इसकी सूचना थाने पर दिए। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इस मामले को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गंभीरता से लेते हुए पांच टीमें गठित कीं। प्रथम टीम प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र पांडेय, द्वितीय टीम एसआई देवचरन यादव, तृतीय टीम एसआई राजकुमार यादव, चतुर्थ टीम उप निरीक्षक एसआई वासुदेव साहनी व पंचम टीम एसआई अभिषेक सिंह एवं एसआई पंकज यादव के नेतृत्व में अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन एवं क्षेत्राधिकारी फूलपुर अनिल कुमार वर्मा पांचों टीमों की मानिटरिंग कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक यादवेंद्र पांडेय पुलिस टीमों एवं स्वजन से मोबाइल से पल-पल की खबर ले रहे थे। अयोध्या रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल के लिए निकली द्वितीय टीम एसआई देवचरन यादव, हेड कांस्टेबल अमित गुप्ता, महिला कांस्टेबल प्रीति तिवारी ने मंगलवार को रात्रि में ही चारों गायब लड़कियों को जनपद अयोध्या स्थित राम मंदिर के समीप बिरला धर्मशाला के पास से बरामद कर लिया।

# एआईपीएमएम का प्रतिनिधि मंडल मंत्री दानिश आजाद से मिला

## पसमांदा मुसलमान अगर समझदारी से वोट करता तो आज केन्द्र सरकार में एक पसमांदा मुस्लिम होता: यूनुस

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का एक प्रतिनिधि मंडल अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी से मिला, जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के जिलों पर विचार विमर्श हुआ। मंत्री ने पसमांदा मुस्लिम समाज से अनुरोध किया है कि आप अपने विकास और सामाजिक सुधार पर वोट करे और समाज को जागरूक करके मुख्यधारा में शामिल कर अपने मुद्दों पर वोट करें। वहीं इससे पहले लखनऊ स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यालय में दिनांक 12 जून, 2024 को एक संगठन के विस्तार हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में पसमांदा



मुस्लिम समाज की स्थिति की समीक्षा की गई। मीटिंग की अध्यक्षता करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज ने अगर अपनी सामाजिक हिस्सेदारी, आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ, सामाजिक न्याय सामाजिक सुरक्षा एवं सामुदायिक विकास के मुद्दे पर वोट किया होता तो केंद्र सरकार में पसमांदा मुस्लिम समाज का कैबिनेट मंत्री बनना तय था। प्रदेश प्रभारी शाहीन अंसारी ने कहा है कि कार्यालय को सुचारु रूप से संचालित करने में वह अपनी पूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री हाशिम पसमांदा ने कहा कि 1 जुलाई को अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं वीर अब्दुल हमीद की योम-ए-विलादात को हर जिले, हर शहर और गांव में धूमधाम से मनाया जायेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहाल अंसारी ने कहा कि संगठन का विस्तार होना चाहिए। संगठन के आए हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस, मारूफ अंसारी प्रधान महासचिव, राष्ट्रीय संरक्षक शमीम अंसारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री हाशिम पसमांदा, प्रदेश अध्यक्ष हाजी नेहाल अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश हाजी ताहिर, मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजाल अंसारी, जिलाध्यक्ष मुश्ताक अंसारी, कार्यालय प्रभारी अजहर आलम, कार्यालय सचिव शकील लेड़ी, मीडिया प्रभारी एहतेशाम आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सोशल सेक्टर (समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, जिला कार्यक्रम, आपूर्ति विभाग, महिला कल्याण, युवा कल्याण विभाग) की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्योंध्नई परियोजनाओं के लिए एवं बजट से संबंधित किसी भी प्रकार के मामले हेतु आवश्यक धनराशि के लिए शासन को तत्काल डीओ लेटर प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि शासन द्वारा किसी प्रकार की जानकारी मांगी जाए तो उसका तत्काल जवाब प्रेषित किया जाए। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निर्माणाधीन 72 मॉडल दुकानों को तत्काल पूर्ण किया जाए तथा रिक्त राशन की दुकानों का अविलम्ब बैठक कर प्रस्ताव कराया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत आधार



सीडिंग एवं कुल यूनिटों का केवाईसी भी कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं आवेदन के सापेक्ष धनराशि की मांग किया जाए तथा एमएसडीपी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद हैन्डओवर का तत्काल क्रियाशील एवं जनोपयोगी बनाया जाए। युवा कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले युवकध्महिला मंगल दल को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण, पौधों के संरक्षण, गौशालाओं में लगे पौधों की देखभाल एवं अन्य विभागों के कार्यों में भी योगदान सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण स्टेडियम एवं खेलो इंडिया के लिए भी आवश्यक प्रस्तावों को प्रेषित करने हेतु युवा कल्याण विभाग को निर्देशित किया। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ओ लेवल एवं सीसीसी हेतु कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाए एवं ट्रेनिंग देना भी सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, जिला पूर्ति अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण, दिव्यांगजन, युवा कल्याण विभाग एवं आईसीडीएस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उतार चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में और



तेजी आई। निफ्टी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग और क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने में भी सफल रहा। दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, यूटिलिटी, पावर, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। रियल्टी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 429.26 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 426.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.32 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,991 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,550 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,337 शेयरों में गिरावट के रुख रहा और 104 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,325 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,563 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 762 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना दिन के कारोबार में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज उछाल दर्ज की गई है। इस उछाल के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

आज सुबह दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण शाम 6 बजे तक इसकी कीमत बढ़ कर 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके पहले मंगलवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुलने के बाद 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था।

सर्राफा बाजार के जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में



आई तेजी के कारण घरेलू सर्राफा बाजार पर भी इसका असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में 24 कैरेट सोना आज 12 डॉलर की मजबूती के साथ 2,315 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है।

सोने की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में भी तेजी आई है। आज चांदी की कीमत में प्रति औंस 0.15 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के कारण चांदी की कीमत 29.20 डॉलर प्रति औंस से बढ़ कर 29.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गई है।

## सीबीडीटी अध्यक्ष ने बोर्ड सदस्यों के साथ वित्त मंत्री को दी बधाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बुधवार को सीबीडीटी के सदस्यों के साथ केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी।

आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता और बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। सीतारमण ने आज नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के तौर पर अपना कार्यभार संभाला है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है। सीबीडीटी देश में प्रत्यक्ष करों की योजना बनाने के लिए आवश्यक जानकारी मुहैया कराता है। इसके साथ ही यह आयकर विभाग के माध्यम से प्रत्यक्ष कर कानूनों के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है।

## देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में पांच फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) अप्रैल महीने में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह 4.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 फीसदी बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल, 2024 में 3.9 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 5.5 फीसदी बढ़ा था। इस वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल में खनन उत्पादन 6.7 फीसदी और बिजली उत्पादन 10.2 फीसदी बढ़ा। इन दोनों क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन ने कुल औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने में मदद की है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 फीसदी दर्ज किया गया था, यह नवंबर में घटकर 2.5 फीसदी, दिसंबर में 4.2 फीसदी और जनवरी 2024 में 4.1 फीसदी दर्ज किया गया था, जो अब बढ़कर पांच फीसदी हो गया है। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिए आंका जाता है।

## इलेक्ट्रिकल वायरिंग में गेम-चेंजर- आर आर काबेल ने फायर एक्स LS®H-EBXL के लॉन्च के साथ बढ़ाए सुरक्षा मापदण्ड

**लखनऊ।** भारत में अग्रणी वायर और केबल निर्माता, आर आर काबेल लिमिटेड, बिल्डिंग



वायर सॉल्यूशन में एक क्रान्तिकारी आविष्कार फायर एक्स LS®H-EBXL का लॉन्च किया। अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बना फायर एक्स LS®H-EBXL घरेलु और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वायरिंग के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।

फायरेक्स LS®H-EBXL (लोस्मोकजीरोहैलोजन) -EBXL (इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉसलिंक्ड) इलेक्ट्रिकल सुरक्षा में एक महत्व पूर्ण सफलता है, जो एक आविष्कारी इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉस-लिंक्डकंपाउंड का उपयोग करता है जो पूरी तरह से हलोजन -फ्री है और 900°C तक के तापमान को सहन करने में सक्षम है। इस अभूत पूर्व उत्पाद को 12जून 2024 को लखनऊ के होटल क्लार्क्स अवध हॉल - रंग महल में आयोजित एक कार्यक्रम में दिखाया गया था, जिसमें उद्योग जगत के दिग्गज, ट्रेडपार्टनर और स्टैक होल्डर शामिल हुए थे। आरआर काबेल के प्रबंध निदेशक श्री श्री गोपाल काबरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, आरआर काबेल ने लगातार ऐसे उत्पादों में नई खोज की है जो लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। फायरएक्स LS®H-EBXL उसी दिशा में एक और कदम है, जो आविष्कार, सुरक्षा और वहनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

FirexLS®H-EBXL, पीवीसी आधारित काउंटर पार्ट्स के विपरीत न केवल क्लोरीन फ्री है बल्कि यह नॉन टॉक्सिक, नॉन कॉरोसिव है और दस गुना सुरक्षा प्रदान करता है।

## लाईफस्टाईल पर शुरू हो रही है सीज़न की सबसे बड़ी सेल

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर 7 जून से सीज़न की सबसे बड़ी सेल शुरू हो रही है इस सेल में शॉपर्स को टॉप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वॉर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग-समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफली और क्रोशे ड्रेस, विंटेज ब्लूम को-ऑर्ड सेट, स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, ऑल-न्यू लूज़ फिट पैंट, एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शॉपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जीन्स, प्यूमा, एडिडास, फॉसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलीन, लॉरिआल आदि शामिल हैं। इस सेल में शॉपर्स मौसम के अनुकूल अपैरल, ब्यूटी, वॉच, फ्रैग्रेंस, फुटवियर, हैंडबैग्स, और एक्सेसरीज़ आकर्षक मूल्य में खरीद सकेंगे। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड धारकों के लिए एक विशेष ऑफर है, जिसके अंतर्गत उन्हें कम से कम 7000रु. की शॉपिंग करने पर 5 प्रतिशत की इंस्टैंट छूट दी जा रही है।

## मूव ने पेश किया मूव कूल- एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़े दर्द से राहत पाने के लिए क्रांतिकारी कोल्ड थेरेपी से प्रेरित खास इनोवेशन

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी पेन रिलीफ ब्रांड मूव ने कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक क्रांतिकारी इनोवेशन 'मूव कूल' को लॉन्च किया है। मेन्थॉल की कूलिंग पावर से भरपूर, इस नए प्रोडक्ट को एक्टिव लाइफस्टाइल से जुड़ी चोटों, मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

लॉन्च के मौके पर बात करते हुए, कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, रेकिट साउथ एशिया ने कहा, भारत के सबसे भरोसेमंद पेन रिलीफ ब्रांडों में से एक, मूव बीते कई दशकों से भारतीयों को उनके दर्द का मुकाबला करने में मदद कर रहा है। बदलती लाइफस्टाइल के बीच, स्पोर्ट एवं फिटनेस से जुड़ी चोटें बेहद आम हो चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर ग्राहक भी इंस्टेंट पेन रिलीफ के लिए नए-नए सॉल्यूशन की तलाश कर रहे हैं। ग्राहकों की इन जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमें मूव कूल को पेश करते हुए




बेहद खुशी हो रही है। मूव कूल कोल्ड थेरेपी से प्रेरित एक खास फ़ॉर्मूला है जो मोच, खिंचाव और मांसपेशियों में दर्द जैसी चोटों के कारण होने वाले मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से लोगों को तुरंत राहत प्रदान करता है। यह लॉन्च हमारे ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सबसे बेहतरीन सॉल्यूशन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ ही यह हमारे प्रोडक्ट इनोवेशन को और विस्तार प्रदान करता है।

अनुपमा रामास्वामी, जॉइंट एमडी एवं चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, हवास वर्ल्डवाइड इंडिया ने कहा, ÷मूव भारत में पहली बार अपनी कूल थेरेपी पेश कर रहा है, ऐसे में हम चाहते हैं कि मूव कूल की शुरूआत बेहद प्रभावशाली होनी चाहिए। फिटनेस से जुड़ी चोटों पर फोकस करने के साथ, हम एक ऐसी डायनेमिक लाइफस्टाइल को प्रदर्शित कर रहे हैं, जहां फिटनेस के शौकीन लोगों से उसी तरीके से बात की जाती है जो उन्हें पसंद है।÷

नई पेशकश के बारे में ग्राहकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, मूव कूल ने हाल ही में अपना नया टीवीसी लॉन्च किया है। इस टीवीसी में फिटनेस और खेल के शौकीनों की जिंदगी में मूव कूल की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया गया है, इसी के साथ ही यह भी दिखाया गया है कि मूव कूल उन्हें कैसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करता है। मूव कूल भारत के सभी प्रमुख ऑफ़लाइन और ऑनलाइन रिटेल स्टोर पर जैल और स्प्रे जैसे दो सुविधाजनक विकल्पों में उपलब्ध है।

## मैजेन्टा मोबिलटी ने टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत किया

**मुंबई।** इंटीग्रेटेड इलेक्ट्रिक मोबिलटी सोल्यूशंस प्रोवाइडर, मैजेन्टा मोबिलिटी ने कॅमर्शियल वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत किया है। इस सहयोग के तहत मैजेन्टा टाटा ऐस ईवी की 100 से ज्यादा गाड़ियों को अपने इस्तेमाल में लाएगी। इसमें ऐस ईवी की 60 से अधिक और हाल ही में लॉन्च किए गए ऐस ईवी 1000 की 40 से ज्यादा गाड़ियां शामिल हैं। दोनों संस्थाओं के बीच अक्टूबर 2023 में किए गए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत इन गाड़ियों को मैजेन्टा के पोर्टफोलियो में शामिल किया है। इस एमओयू के तहत क्रांतिकारी टाटा ऐस ईवी की 500 गाड़ियों को मैजेन्टा के पोर्टफोलियो में शामिल करने का लक्ष्य तय किया गया है। मैजेन्टा मोबाइल के फाउंडर और सीईओ श्री मैक्ससन लुईस ने इस साझेदारी के बारे में अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, हम टाटा मोटर्स के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत कर काफी उत्साहित हैं। इससे देश भर में मोबिलिटी के लिए सुरक्षित, स्मार्ट तथा स्थायी सोल्यूशन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता



और सुदृढ़ हुई है। 100 से अधिक टाटा ऐस ईवी को शामिल कर, हमने अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य ÷अब की बार दस हजार÷ कार्यक्रम को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य सितंबर 2025 तक 10 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़कों पर लाना है। टाटा मोटर्स के चार पहिया छोटे कॅमर्शियल वाहन (एससीवी) की विशेषज्ञता से तालमेल रखते हुए माल को उसकी मंजिल तक पहुंचाने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक की अपनी एकीकृत क्षमता के साथ यह साझेदारी इंडस्ट्री के मानकों को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

टाटा मोटर्स में एससीवीपीयू के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री विनय पाठक ने इस घोषणा के बारे में कहा, ÷मैजेन्टा मोबिलटी के साथ साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के प्रतीक के रूप में, हमें अपनी गाड़ियों के पोर्टफोलियो में टाटा ऐस ईवी को शामिल करके काफी गर्व महसूस हो रहा है। यह एडवांस्ड, जीरो उत्सर्जन करने वाले मोबिलिटी समाधानों की मदद से शहर में सामानों के वितरण के क्षेत्र में क्रांति लाने के हमारे साझा विजन को और मजबूत करता है। ऐस ईवी का निर्माण दोनों कंपनियों के संयुक्त प्रयास से किया गया है। यह बेमिसाल परफॉर्मेंस, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता प्रदान करते हैं। साथ ही भविष्य में भारत को हरा-भरा बनाने में भी योगदान करते हैं। टाटा ऐस ईवी को शामिल करना देश भर में स्थायी ई-कार्गो ट्रांसपोर्टेशन को सर्वसुलभ बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम एक साथ मिलकर भारत के लिए ज्यादा स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के लिहाज से ज्यादा सजग भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।''

ऐस ईवी ईवोजेन पावरट्रेन से लैस है, जो उपभोक्ताओं को बैटरी पर सात साल की वॉरंटी और 5 साल के कॉम्प्रीहेंसिव मेंटेनेंस पैकेज के साथ ड्राइविंग का बेमिसाल अनुभव प्रदान करती है। यह सुरक्षित, सभी मौसम में संचालन के लिए उपयुक्त गाड़ी है।

इसमें एडवांस्ड बैटरी कूलिंग सिस्टम के साथ ड्राइविंग रेंज को बढ़ने के लिए रिजनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम है। यह कमर्शियल वाहन हमेशा संचालन के लिए तैयार रहता है। इसको नियमित रूप से तेजी से चार्ज किया जा सकता है। यह 27 किलोवॉट (36 हॉर्स पावर) और 130 एनएम के पीक टॉर्क से भी लैस है।

## हाउसिंग.कॉम लखनऊ के तेज़ी से बढ़ते रियल एस्टेट मार्केट में विस्तार को नए पंख देगा



**लखनऊ।** भारत का प्रमुख फुल-स्टैक प्रॉप-टेक प्लेटफ़ॉर्म, हाउसिंग.कॉम, भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते हाउसिंग मार्केट में से एक, लखनऊ में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम ने प्रमुख हितधारकों हेतु अनुभवों का आदान-प्रदान करने, उद्योग के भीतर सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मंच की तरह काम किया। इस कार्यक्रम में एल्डेको सिटी, शालीमार कॉर्प, ऋषिता डेवलपर्स और अमरावती रेजीडेंसी जैसी उल्लेखनीय अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियां शामिल थीं।कंपनी ने एक बयान में कहा, 'लखनऊ जैसे प्रमुख उभरते रियल एस्टेट मार्केट्स में विस्तार हाउसिंग.कॉम की भविष्य की विकास रणनीति की बुनियाद है। कंपनी रियल एस्टेट उद्योग के भीतर सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे यह लखनऊ में जारी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' हाउसिंग.कॉम के मुख्य रेवेन्यू ऑफिसर, अमित मसलदान ने कहा, लखनऊ की समृद्ध विरासत और तीव्र आर्थिक प्रगति के साथ, इसके डायनेमिक इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए विकास ने रियल एस्टेट सेक्टर में निरंतर विकास के लिए मजबूत नींव रखी है। हम उभरते बाज़ारों में, विशेष रूप से लखनऊ के उत्साहपूर्ण इकोसिस्टम में अपने मजबूत विस्तार को लेकर रोमांचित हैं। पिछले दो सालों में, लखनऊ में हमारा रेवेन्यू तीन गुना बढ़ गया है, जो ज़बरदस्त वृद्धि को दर्शाता है जिसका हमने अनुभव किया है। यह ट्रेंड जारी रहने की संभावना है, क्योंकि यह डायनेमिक मार्केट में निवेशकों और उपभोक्ताओं दोनों से महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि और खरीद की दिलचस्पी देखने को मिल रही है।

## बहामास ने स्प्रिंग-समर कलेक्शन का लॉन्च किया

**लखनऊ।** जाने-माने फुटवियर निर्माता रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के ब्राण्ड बहामास ने अपने स्प्रिंग समर 2024 (एसएस'24) कलेक्शन का लॉन्च किया है। एसएस'24 कलेक्शन खासतौर पर उन युवाओं के लिए पेश किया है जो हमेशा एनर्जी से भरपूर रहते हैं और स्टाइल के साथ-साथ उत्साह को बरक़रार रखते हुए नैतिकता के साथ अपने काम में बेहतर आउटपुट देते हैं। गौरव दुआ, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने एसएस'24 कलेक्शन पर बात करते हुए कहा, ''बहामास में हम अपने आधुनिक एवं उत्साही डिज़ाइनों के माध्यम से युवाओं को लुभाने के लिए तत्पर रहे हैं। हमारा स्प्रिंग-समर 2024 कलेक्शन खुशी, आज़ादी और एनर्जी से भरपूर जीवनशैली के लिए प्रेरित करता है। हम सबसे आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर्स के साथ सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं का हर कदम आत्मविश्वास और उत्साह से भरा हो। हमें विश्वास है कि उपभोक्ता इस नई रेंज को खूब पसंद करेंगे और बहामास के साथ उत्साह एवं जोश से पूर्ण सीज़न का जश्न मनाएंगे।'' 405 से अधिक एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट्स (ईबीओ) और प्रमुख फुटवियर स्टोर्स पर उपलब्ध यह कलेक्शन रिलेक्सो फुटवियर्स की ऑफिशियल वेबसाईट www.relaxofootwear.com. से भी खरीदा जा सकता है। बहामास एसएस'24 कलेक्शन उपभोक्ताओं को चिंतामुक्त जीवन जीने, अपनी भावनाओं की खुल कर अभिव्यक्ति करने और अपने स्टाइल के साथ धूम मचाने के लिए आमंत्रित करता है।

## जयन्त चौधरी ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में एमएसडीई का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जयन्त चौधरी ने आज कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने मंत्री का स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएँ दीं। यह कौशल विकास और उद्यमिता के परिदृश्य को आगे बढ़ाने में एक नए अध्याय की शुरुआत है। कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित यह अवसर भारत सरकार के 100 दिवसीय एजेंडे में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद कौशाम्बी के पुलिस लाइन में 01 अदद ट्राजिंट हॉस्टल का निर्माण कार्य, कर्मचारियां के लिए टाइप-ए के 01 ब्लॉक एवं टाइप बी के 2 ब्लॉक के 12-12 आवास का निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता,उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 ने बताया कि दिसम्बर तक सभी कार्य पूर्ण कर लिया जायेंगा। उन्हांने राजकीय महाविद्यालय सिराथू के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कहा कि कमेटी बनाकर हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम (शहरी) की चायल एवं दारानगर में जलापूर्ति परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि समयान्तर्गत परियोजना को पूर्ण किया जाय। उन्होंने कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा द्वारा कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालय मूरतगंज, कड़ा एवं सरसवॉ में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास के भवन का निर्माण कार्य के लिए अभी तक टेण्डर का कार्य न किये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने पुलिस लाइन में महिलाओं के लिए महिला हॉस्टल बैरक के निर्माण कार्य सहित आदि परियोजनाओं में भी प्रगति लाने के निर्देश दियें बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मानव तस्करी एवं बाल विवाह रोकने हेतु आगे आए समाज : मनोज

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक रिजर्व पुलिस लाईन के प्रेक्षा गृह में कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रत्येक माह में होने वाले जनपद में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि बालकों के हितों के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुये समुचित देखरेख, संरक्षा, विकास, उपचार तथा समाज से पुनः मिलाने के माध्यम से उनको प्रोत्साहित किया जायें। उन्होंने कहा कि आज मानव तस्करी एक व्यापार का भयावह रूप लेते जा रहा हैं, बच्चों को अपहरण कर उससे भीख मॅगवाया जा रहा हैं

# कांग्रेसियो ने नगर में निकला धन्यवाद आभार अभिनंदन यात्रा

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** कांग्रेस ने घोरावल में पदयात्रा निकाल लोगों का किया धन्यवाद एवं आभार अभिनंदन बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय अजय राज जी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धन्यवाद एवं आभार कार्यक्रम में घोरावल विधानसभा के मडुआडीह से होकर बाजार तक जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में पदयात्रा निकालकर लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया, जिसमें जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि जिस प्रकार का जन समर्थन जनपद सोनभद्र में यहां के मतदाताओं ने दिया है उसका हम सभी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं अपने सारे मतदाता/पदाधिकारी साथियों का और स्थानीय लोगों का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी छोटेलाल खरवार जी को मत देकर एक लाख से ज्यादा अंतर से विजई बनाकर हमें अपना समर्थन देने का काम किया है । जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि संगठन में सबका योगदान रहा और गठबंधन प्रत्याशी के सहयोग में सारे लोग पूरी ताकत से लग रहे जिसका परिणाम रहा कि यहां पर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी विजय हुआ ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि आपका यह जन समर्थन जो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी छोटेलाल खरवार जी को दिया गया है ये जाया नहीं जाएगा हम लोग यहां के नौजवानों ,युवाओं, बेरोजगारों की बातों को लेकर अपने संसद से बात करेंगे और यहां के स्थानीय कल-कारखानों में उनकी वरीयता की बात भी रखेंगे और आगे भी आम जनमानस की हर लड़ाई लड़ने का काम हम लोग जैसे पहले करते थे अब अपने जनप्रतिनिधि के साथ होकर और भी ताकत से करेंगे। जिला महासचिव राजबली पांडे जी ने कहा कि सभी के सहयोग के साथ हम लोग आज यहां पहुंचे हैं

# वेतन नही मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर किया हड़ताल

अवधनामा संवाददाता



- एसडीएम के आश्वाशन पर भी कर्मचारियों को नही मिल पाया वेतन
- नगरपंचायत अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी के बीच में पीस रहे कर्मचारी

**महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को वेतन नही मिलने के कारण हड़ताल कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी भी की। नगर पंचायत आनंदनगर के कर्मचारियों द्वारा फरवरी माह से वेतन भुगतान न होने से आक्रोशित होकर विगत दस जून से ही काम रोक कर हड़ताल किया जा रहा है, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है चारों ओर गन्दगी का अम्बार है। हड़ताल कर रहे नगर पंचायत कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर पूरे आदर्श नगर पंचायत विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस निकालकर नगर पंचायत आनंदनगर की अध्यक्ष के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी किया। नगर पंचायत आनंदनगर के सभी कर्मचारियों को फरवरी माह से अबतक वेतन नही मिला है। जिससे लोगों के सामने भूखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। मजबूर होकर नगर के सफाई कार्यो सहित अन्य सभी कार्यों को बाधित कर दिया जिससे चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। वेतन नही तो काम नहीं इस स्लोगन के साथ हड़ताल किया जा रहा है। उसी क्रम में बुधवार को यानी हड़ताल के तीसरे दिन सभी कर्मचारियों द्वारा पूरे नगर पंचायत आनंद नगर के क्षेत्र के विभिन्न सड़को से जुलूस निकाल कर जमकर नारेबाजी की गई। वेतन नहीं तो काम नहीं तथा नगर पंचायत आनंदनगर की अध्यक्ष के विरोध में सभी कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर जमकर नारेबाजी की । बताते चलें कि विगत फरवरी माह से ही वेतन भुगतान को लेकर कई बार नगर पंचायत कर्मचारीयों द्वारा काम रोक कर हड़ताल किया गया तथा अधिकारियों के आश्वासन पर हड़ताल समाप्त कर वापस कार्य पर कर्मचारी आते रहे लेकिन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमरजीत ने बताया कि अधिकारियों के आश्वासन के पश्चात भी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है जिससे सभी कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। कर्मचारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस बार आंदोलन बड़े पैमाने पर किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारी वेद प्रकाश गुप्त, धीरेंद्र श्रीवास्तव, कन्हैया प्रसाद, अजीज अहमद, वीरेंद्र कुमार ,विजय कुमार ,अमरजीत, राम मूरत यादव ,हमीदुल्लह, राजकुमार ,बबलू, जितेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, गोविंद प्रसाद साहित्य सैकड़ो कर्मचारी आंदोलन में मौजूद रहे।

# 15 जून से शुरू होंगे पंचायत सहायक के लिए आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा ।** गोण्डा के ग्राम पंचायत में रिक्त पड़े पंचायत सहायक /अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के 93 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 से 30 जून तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकासखंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किए जाएंगे। उसके बाद 15 जुलाई से 21 जुलाई के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति की जाएगी। 22 जुलाई से 24 जुलाई के बीच ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी में निर्देश दिए की समस्त प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न की जाए निर्धारित समय अवधि में आने वाले समय आवेदनों को शामिल किया जाए। पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डेटा एंट्री ऑपरेटर की पंचायतवार वैकेंसी और आवेदन फॉर्म पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट panchayatiraj.up.in एवं prdfinance.up. gov.in पर उपलब्ध है। पंचायत सहायक भर्ती के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 40 साल के बीच होनी चाहिए. आवेदकों को उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए। जिसके लिए आवेदन करना है. पंचायतें जिस श्रेणी में आरक्षित हैं, उन पंचायतों में उसी श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जाएगा। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम उम्र में छूट मिलेगी। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवारों को 12वीं पास होना जरूरी है। पंचायत सहायक भर्ती का फॉर्म यूपी के पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड और प्रिंट करना है. इसके बाद फॉर्म को ध्यान से भरकर अपनी ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय या जिल पंचायत राज अधिकारी के पास भेज देना है. ध्यान रहे कि यह फॉर्म 30 जून तक पहुंच जाना चाहिए. फॉर्म के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु व जाति प्रमाण पत्र भी लगाएं। बबनजोत और बेलसर की पांच-पांच, छपिया की 7, कर्नलगंज व हलधरमऊ की चार-चार, इटियाथोक की 6, झंझरी की 9, कटरा बाजार की 4, मनकापुर की 9, मुजेहना की 6, नवाबगंज की 8, पण्डरी कृपाल की तीन, परसपुर व रूपईडीह की पांच-पांच, तरबगंज की 6 व वजीरगंज की 7 ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त है।

### लकड़ी ठेकेदार की पेंड़ की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील व कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में अवैध रूप से आम का पेंड़ कटवा रहे ठेकेदार की पेंड़ की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कोतवाली कर्नल गंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नैनुआ जगन्नाथपुर से जुड़ी है। ग्राम नकार के मजरा मन्नी निवासी ठेकेदार छोटई ने ग्राम नैनुआ जगन्नाथपुर निवासी एक व्यक्ति का आम का पेंड़ खरीदा था। मिली जानकारी के मुताबिक तीन-चार दिन पूर्व वह पेंड़ कटवाने पहुंचे ही थे,कि सूचना पाकर वन दरोगा भी मौके पर पहुँच गए और पेंड़ काटने वाली मशीन आदि उपकरण लेकर चले आये। मंगलवार को छोटई दूसरी मशीन व मजदूर लेकर पहुंचे और पेंड़ कटवाने लगे। जमीन पर पेंड़ गिरते समय ठेकेदार छोटई उसके चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई।

# मधवलिया गोसदन में पशुओं के लिए हो रही बेहतर व्यवस्था

- जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बुधवार को गोसदन मधवलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें ने निरीक्षण के दौरान पशु शेड, वर्मी कंपोस्ट खाद, गोबर गैस प्लांट और हरे चारे की व्यवस्था कोदेखा। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वर्गीकृत कृत्रिम गर्भाधान योजना के प्रगति की जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि 19 गायों को चिन्हित कर इस योजना पर कार्य किया जा रहा। इस संदर्भ में चयनित पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हेतु उन्हे हरा चारा सहित अन्य पोषक तत्व दिए जा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया कि गोसदन में गुणवत्तापूर्ण हरे चारे का उत्पादन किया जा रहा है। इस हेतु 11 एकड़ में एमपी चरी और 01 एकड़ में नेपियर घास का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोसदन में कुल 525 गोवंश हैं, जिनके लिए चारा, भूसा, दाना आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने गर्मी के दृष्टिगत गोवंश के लिए साफ ताजा पेयजल और नहलाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोसदन हेतु 50 पंखे क्रय करने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गोसदन को आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित गोबर गैस प्लांट और वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के विषय में बीडीओ निचलौल से जानकारी ली। बीडीओ निचलौल ने बताया कि गोबर गैस प्लांट सुचारू रूप से संचालित है और उससे गोसदन में विद्युत आपूर्ति भी हो रही है। वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन भी समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है और उनके माध्यम से ही उत्पादित खाद की बिक्री भी की जा रही है। वर्तमान में 800 बोरी का विक्रय किया जा चुका है, जबकि 800 बोरी वर्मी कंपोस्ट तैयार किया जा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 01 बोरी में 30 किग्रा वर्मी होता है और कीमत ? 210 होती है।

जिलाधिकारी ने गोसदन में वृक्षारोपण की तैयारियों को भी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उत्पादन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. यू.एन. सिंह, उपजिलाधिकारी निचलौल मुकेश सिंह, बीडीओ निचलौल शमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालय में चोरी करने वाले अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**परसपुर,गोण्डा।** स्थानीय थाना अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय बसंतपुर की प्रधानाध्यापिका किरन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय के बच्चो को पढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर उपलब्ध कराया गया था। अज्ञात चोर विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखा एलसीडी,यूपीएस सहित अन्य उपकरण व भोजन बनाने की सामग्री चोरी कर ले गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव,मची सनसनी

**गोण्डा।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र के करनपुर गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। मृतक की पहचान करनपुर गांव के रहने वाले प्रदीप चौधरी के रूप में हुई है। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छपिया पुलिस के मुताबिक बुधवार की सुबह सूचना मिली कि करनपुर गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे किसी अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक? की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया गया। इसी बीच करनपुर गांव के संदीप चौधरी ने मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान अपने भाई प्रदीप के रूप में की।

# भगवान घनश्याम महराज का दर्शन करने से मन मष्तिष्क को मिलती है शान्ति : शाह

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामिनारायण छपिया धाम मंदिर का दर्शन किया है। उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने स्वामिनारायण भगवान घनश्याम महराज का दर्शन पूजन किया। सोनल शाह ने कहा कि यहां आकर मन मष्तिष्क को शांति मिली। छपिया धाम सबसे पवित्र स्थल है। यह उनका व्यक्तिगत और साधरण धार्मिक यात्रा रही। मंदिर के महंत ब्रम्हचारी स्वामी देव प्रकाश जी ने सभी को माला और पट्टिका पहनाकर आशीर्वाद दिया। मंदिर का स्मृति चिन्ह, भगवान घनश्याम महराज की मूर्ति और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कोठरी विष्णु स्वामी, गुरु जगत प्रकाश स्वामी, सागर भगत, अयोध्या प्रसाद, घिराऊ प्रसाद, फूल चन्द, हितेश आदि मौजूद रहे।

### गुजरातियो का प्रमुख तीर्थ है विश्व प्रसिद्ध स्वामिनारायण छपिया धाम

विश्व प्रसिद्ध स्वामिनारायण छपिया धाम भगवान घनश्याम महराज की जन्म स्थली का दर्शन करने जहा देश के कोने कोने से प्रतिदिन श्रंधालूओ की तांता लगा रहता है वही विदेशो मे बसे इनके अनुयायी भी दर्शन के लिए बराबर पहुंचते रहते है। सबसे ज्यादा भगवान घनश्याम महराज के अनुयायी गुजरात प्रांत से आते है गुजरात प्रांत मे भगवान घनश्याम महराज के तमामो मन्दिर स्थापित है। गुजरात प्रांत से छपिया धाम प्रतिदिन सैकडो की संख्या श्रंधालूओ का आना जाना लगा रहता है।

# सफदरगंज पुलिस को मिली कामयाबी, चोरी के समान के साथ एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** सफदरगंज पुलिस ने एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार, उसके कब्जे से 4 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा0, एक अल्टीनेटर व एक मोटर साइकिल बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक प्रभरी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया और कॉन्सटेबल विष्णु तिवारी, का0 रमेश पटेल के साथ इलाके का भर्मण कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी का सामान लेकर आने वाले है। जिसके बाद टीम ने कल्याणी नदी के शातिर चोर विजय सिंह उर्फ विज्जू उर्फ विमल सिंह पुत्र स्व. शिवशंकर उर्फ मानबहादुर निवासी ग्राम राजापुर थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी का सामान व एक बाइक स्लेण्डर प्लस यूपी 32 बीएस 8478 बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों राजकुमार उर्फ ननके तिवारी, धर्मराज उर्फ छोटकन्ने तिवारी पुत्रगण कन्हईलाल तिवारी निवासीगण जदवापुर थाना टिकैतगंज जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर दिनांक दो दिन पहले कोल्ड स्टोर सफदरगंज के पास एक मकान में चोरी की घटना कारित की थी।

### मायके से पैसा न लाने से नाराज ससुरालीजन ने नवविवाहिता को पीटा, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** मायके से पैसा न लाने पर ससुरालीजनो ने नव विवाहिता की बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी। यही नहीं गले में फंदा कसकर जान से मारने की कोशिश की। लगभग 15 दिनों तक लखनऊ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में उपचार कराकर मायके वापस आयीं पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जनपद अमेठी के कोटवा चिलौली निवासी रहे स्वर्गीय राम पदारथ शुक्ल की पुत्री खुशबू शुक्ला ने हैदरगढ़ थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह गत 20 मई 2022 को कोतवाली हैदरगढ़ के गौरा गांव निवासी विनय कुमार शुक्ल के साथ हुआ था।

### टीआरसी लॉ कॉलेज में आयोजित हुई वर्चुअल कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज एवं धनसृजन के माध्यम से वित्तीय सशक्तीकरण के सहयोग से एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का परिचय एवं विषय वस्तु की प्रासंगिकता पर प्रकाश डा. दीपमाला श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता सूर्यकान्त शर्मा ने धन सृजन के माध्यम से वित्तीय सशक्तीकरण के लिए सोचो, समझो तब निवेश करो के सिद्धान्त पर चलना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति की ख्वाहिश होती है कि वह अच्छी जिन्दगी जिए कल के लिए आज जिसने त्याग किया उसी का वित्तीय भविष्य अच्छा रहेगा। भारतीय समाज में सदियों पुरानी परम्परा रही है कि वह बचत पर विशेष जोर देता रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि बचत निवेश के माध्यम से करना एक अच्छा कदम हो सकता है। इसके अलावा सरकार की तमाम योजनाएं जैसे स्वर्णबाण्ड, किसान विकास पत्र, पीपीएफ, म्युचल फण्ड, एसआईपी बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

# इस्लामी आर्थिक व्यवस्था विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**फैजाबाद/अयोध्या।** मुस्लिम व्यापारियों द्वारा बहुत समय से यह बात कही जा रही थी कि इस्लाम के तहत व्यापार के सम्बन्ध में क्या उसूल बताया गया है इस विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए ताकि आम जनता और व्यापारी हराम और हलाल की पहचान कर के जायज़ कमाई करें और अपनी मेहनत से कमाई गई हलाल आमदनी को जायज़ स्थान पर खर्च कर के अपनी दुनिया और आखिरत को संवारने में सही ढंग से लग जाएं। इस सम्बन्ध में बीती रात्रि में शहर की मरकजी जामा मस्जिद सराय पोख्ता तरकारी मण्डी चौक में शानदार कार्यशाला आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान ने किया।

कार्यक्रम का संचालन मरकजी जामा मस्जिद सराय पोख्ता के खतीब व इमाम मुफ्ती जिया उद्दीन कासमी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि हराम व नाजायज़ चीजों से बचते हुए इस्लामी उसूल और नेक नीयत के साथ रुपया कमा कर अपने आप को सुदृढ़ करें और सामान खरीद फरोख्त करने में इस्लाम द्वारा बताए गए उसूल पर चलें और उस पर क़ायम रहें।

कार्यक्रम में दारूल उलूम नदवतुल उलमा लखनऊ से पधारे मुफ्ती रहमत उल्लाह सूद ब्याज पर इस्लामी अहकामात के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूद ब्याज से उसी प्रकार दूरी बना कर रखें जिस तरह जुआ शराब झूठ और फरेब से। उन्होंने कहा कि ब्याज का कारोबार करने वालों पर अल्लाह की लानत होती है। और सख्त सजा का पात्र बनता है इस्लाम में बिना ब्याज के लेन देन को बढ़ावा दिया गया है और ऐसा करने वालों पर अल्लाह की रहमत और साथ में बड़ा ही अज्र व सवाब और अल्लाह की रहमत का पात्र है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदरसा ज़ियाउल उलूम तकिया राय बरेली के प्रबंधक मुफ्ती राशिद हुसैन मुख्य बातें जो कही उसमें इबादत, सामाजिकता, और व्यवहार तीनों को दीन का हिस्सा समझने और उसे अच्छा बनाने पर जोर देते हुए कहा कि व्यापार में झूठ और धोखा धडी से बचते हुए अगर सच्चाई और अमानतदारी को अपनाया जाए तो दुनिया में तरक्की, आखिरत में सुरखुरूई और नबियों, सच्चाई के मार्ग पर चलने वालों और शहीदों के साथ हशर होगा।

अंत मे कार्यक्रम में शामिल लोगों के द्वारा उठाए गए सवालों का मुफ्तियों ने सटीक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम में मुफ्ती अफजाल मुफ्ती ज़ैद, मुफ्ती असजद, कारी इरफान अहमद हलीमी, मौलाना जहीर अब्बास, मौलाना अशफाक और मास्टर इरशाद रब्बानी के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारियों और उद्योगपतियों और संभ्रांत नागरिकों के अलावा बड़ी संख्या में छोटे कारोबारी भी शामिल रहे।

# पदोंन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां कराई जायें: धर्मपाल सिंह

अवधनामा ब्यूरो



- धर्मपाल सिंह ने पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने के दिये निर्देश
- योजनाओं के लिए आवंटित की धनराशि तत्काल जारी करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि विभाग में रिक्त पदों को यथाशीघ्र भरने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय और जिन पदों का अधियाचन आयोग को भेजा गया है,उनसे समन्वय बनाकर जल्द से जल्द भर्ती कराई जाये। श्री सिंह ने कहा कि विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां की जायें।

पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 02, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 03, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि कार्य की आवश्यता के दृष्टिगत समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से कार्य लिया जाये। श्री धर्मपाल सिंह ने यह निर्देश आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में रिक्तियो एवं विभागीय बजट की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाये और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में प्राविधानित बजट समर्पित नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना हेतु धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र अवमुक्त किया जाये। पशुधन मंत्री ने संयुक्त निदेशक, कुक्कुट/पोल्ट्री डॉ0 अजय कुमार कनौजिया को बैठक में प्रतिभाग न करने एवं कार्यो में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण तलब करने तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पशुधन मंत्री ने प्रदेश में संचालित मोबाईल वेटेनरी यूनिट के संचालन में प्राप्त हो रही शिकायतों की जांच कर प्रभावी कार्रवाई किये जाने और लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्था का भुगतान न किये जाने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राज्य पशुधन प्रक्षेत्र, चारा विकास कार्यक्रम एवं पशुधन बीमा योजना पर विशेष ध्यान देते हुए इसका विस्तार किया जाये और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाये।

## देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में यूपी नंबर वन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए एक बार फिर से पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप बढ़ती विद्युत की मांग को पूरा करने में प्रदेश का ऊर्जा विभाग मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देशन में लगातार नये आयाम स्थापित कर रहा है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था। वहीं ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून 2024 को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र-गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के कुशल निर्देशन में ऊर्जा विभाग ने विद्युत मांग की चुनौती को सकुशल पूरा कर विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नये रिकॉर्ड बना रहा है। विगत दो वर्ष पहले तक यह रिकॉर्ड पूरे देश में महाराष्ट्र के नाम था।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाये निदान: केशव

अवधनामा संवाददाता



- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को 7-कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, बिजली से सम्बंधित प्रकरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे कई ज़िलों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है, प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा।

## भाषा विश्वविद्यालय में हुआ स्मार्टफोन का वितरण



**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा स्मार्टफोन का वितरण विद्यार्थियों के मध्य किया गया। जैसा कि विदित है कि शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों में मध्य स्मार्टफोन को वितरित किया जाता है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अर्ह विद्यार्थियों के मध्य स्मार्टफ़ोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन के इस कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा, उपपरीक्षा नियंत्रक डॉ. रहमान और शास्वत शुक्ला आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। स्मार्टफ़ोन पाकर विद्यार्थीयों के चेहरे खिल उठे। बकौल विद्यार्थियों ने बताया कि स्मार्टफोन मिलने से ऑनलाइन लर्निंग में आसानी होगी।

## अहलेबैत इज्ज़त बचाने का जरिया: मौलाना इरशाद



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अहलेबैत हैं इज़्ज़त बचाने का ज़रिया यज़ीद जिल्लत का ज़रिया बन गया। हैदरीमस्जिद मुफ़्तीगंज में हर साल की तरह इस साल भी मजलिसे ख़मसा प्रारम्भ हो चुकी है। पहली मजलिस में मौलाना अब्बास इरशाद ने गदीर का वाक्या सुनाते हुए कहा अल्लाह ने इस्लाह के नवी और इमाम को भेजा मगर उममत ने अहलेबैत से वफा न किया।मौलाना ने अपने बयान में कहा अहलेबैत है इज़्ज़त का नाम जो अहलेबैत के साथ हो गया उसने इज़्ज़त पाई जो यजीद के साथ गया उसे जिल्लत मिली।आठ बजे से तिलावते कुराने पाक से मजलिस का प्रारम्भ किया गया। खमशा की चार मजलिसें मौलाना अब्बास इरशाद ख़िताब फरमाएगे। आख़री मजलिस नौ जिल्हिज़ को चार बजे शैपहर को मिर्ज़ा मोहम्मद जाफर अब्बास साहब मजलिस ख़िताब करेगें। मजलिस क़े फ़ौरन बाद हज़रत मुस्लिम अलैहिस्सलाम की यौमे शहादत पर ताबूत बरामद होगा, जो हैदरी मस्जिद से मीरन साहब इमामबाड़े तक जाएगा। सात जिल्हिज़ को यौमे शहादत ए इमामे बाक़िर अलैहिस्लाम का ताबूत बरामद होगा जो इमाम बाड़े मीरन साहब तक जाएगा। यह मजलिस मोमनीन मुफती गंज की जानिब से किया जा रहा है।

## धन्यवाद यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में मिले अपार जनसमर्थन के लिए धन्यवाद यात्रा निकाल प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करेगी। कांग्रेस ने इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को पत्र लिखकर यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इस क्रम में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से मुलाकात कर उन्हें यात्रा में शामिल होने के लिए पत्र सौंपा। इस मौके पर दिनेश सिंह के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेश शुक्ला सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## पत्रकार के पिता का निधन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उर्दू दैनिक आग और हिन्दी दैनिक इंकिलाबी नजर के ब्यूरो प्रमुख सैय्यद वसी असगर के 88 वर्षीय पिता सैय्यद मोहम्मद आसिफ का बुधवार सुबह उनके गाजीपुर स्थित पैतृक आवास पर निधन हो गया। स्वर्गीय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। स्वर्गीय को बुधवार रात गाजीपुर के बघुई बुजुर्ग स्थित गांव में उनके पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय की नमाजे जनाजा बनारस से आए मौलाना मोहम्मद अकील ने अदा कराई और मजलिस को खिताब किया। स्वर्गीय ऐतिहासिक धारावाहिक महाभारत सहित तमाम उपन्यासों के लेखक और प्रसिद्ध साहित्यकार राही मासूम रजा के मामा के पुत्र थे। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैय्युम शुक्रवार को गाजीपुर के बघुई बुजुर्ग गांव स्थित उनके इमामबाड़े में होगी। स्वर्गीय मोहम्मद आसिफ के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में होगी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा, श्री अन्नावि दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 की पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 13 जून से 20 जून, 2024 तक तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, और यह परीक्षा प्रदेश के 207 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। परीक्षा का समय प्रातः 08:00 से 10:30 बजे, दोपहर 12:00 से 02:30 बजे, और अपराह्न 04:00 से 06:30 बजे तक रहेगा। 13 जून से 15 जून' तक ग्रुप-ए की परीक्षा 07 पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई की परीक्षा 06 पालियों में, और अन्य ग्रुप की परीक्षा 18 जून को दो पालियों में होगी। 17 जून को राजपत्रित अवकाश के कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जूनको आरक्षित दिवस रखे गए हैं।

## खाद्यान्न का मुफ्त वितरण 25 जून तक

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून, 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, चयनित जनपदों में अवशेष मक्का, ज्वार व कोदो का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों में त्रैमास अप्रैल, मई एवं जून, 2024 के सापेक्ष 18 रूपये प्रति किग्रा0 की दर से 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड का वितरण आगामी 25 जून, 2024 तक किया जायेगा। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटे अनाज (ज्वार, मक्का एवं कोदो) का अवशेष स्टॉक समाप्त होने के पश्चात प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूं एवं 21 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। प्रदेश के अन्य शेष जनपदों में जहां मोटे अनाज (ज्वार, मक्का व कोदो) की उपलब्धता नहीं है, उन जनपदों में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूं एवं 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं एवं 03 किग्रा0 चावल (कुल 05 किग्रा0) वितरण किया जा रहा है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# महंगाई एक बार फिर जनता को कर रही परेशान

अवधनामा संवाददाता



- भाजपा नेता कहते थे कि 400 पार, 80 में 80, उस दावे की प्रदेश की जनता ने हवा निकाल दी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की कई लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों को भारतीय जनता पार्टी की सत्ता के इशारे पर हराने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि महंगाई एक बार फिर जनता को परेशान कर रही है। अरहर दाल की कीमत 200 रुपये पार हो गयी है और आटा भी महंगा हो गया है। कहा जा रहा है कि अब गेहूं भी बाहर से आयात करना पड़ेगा। श्री राय ने कहा कि एक बार फिर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की कवायद शुरू हो गयी है। श्री राय बुधवार को नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री राय ने वार्ता में उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की चर्चा हो रही है। हमारे नेता राहुल गांधी हर जगह उत्तर प्रदेश की चर्चा कर रहे हैं। प्रदेश में मोदी जी और पूरे एनडीए को भरोसा था और मोदी जी और भाजपा नेता कहते थे कि 400 पार, 80 में 80, उस दावे की प्रदेश की जनता ने हवा निकाल दी। यह कहते थे कि इस बार बनारस 10 लाख पार, बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी की जनता ने उस दावे की भी हवा निकाल दी। प्रदेश की जनता का असीम प्रेम और जनसमर्थन इंडिया गठबंधन को मिला। हम सब मिल कर प्रदेश और देश को बनाने का काम कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि वाराणसी से चुनाव लडने पर उन्हें सभी का सहयोग मिला। प्रदेश की पेपर लीक की बीमारी पहुंची केन्द्र श्री राय ने कहा कि नौजवानों में हाहाकार मचा है। हाल ही में आए नीट परीक्षा परिणामों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में घोर निराशा छा गयी है। अब तक पेपर लीक, परीक्षाओं पर सवाल प्रदेश में ही उठते थे अब यह बीमारी केन्द्र तक पहुंच गयी है। भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। बहुत सारे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो गये हैं। धन्यवाद यात्रा के लिए घटक दलों को किया आमंत्रित श्री राय ने कहा कि कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 11 से 15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकाल जनता का आभार व्यक्त किया जाएगा। धन्यवाद यात्रा में पार्टी ने पत्र लिख कर इंडिया गठबंधन के घटक दलों को भी शामिल होने का आमंत्रण दिया है। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ जनमुद्दों को उठा कर सरकार को घेरने का काम करेगा। चंद पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही मोदी सरकार को जनता के हित में काम करने के लिए संघर्ष कर मजबूर करेंगे। वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रवक्ता सचिन रावत और डॉ. सुधा मिश्रा उपस्थित थीं।

# यूपी में 48 डिग्री तक जाएगा पारा

अवधनामा ब्यूरो



- कई जिलों में लू का अलर्ट
- 30-40 किमी रफ्तार से चलेगी गर्म हवा

**लखनऊ।** यूपी में 4 दिनों तक भीषण गर्मी पड़ेगी, मौसम विभाग ने 12 से 15 जून तक लू का रेड अलर्ट जारी किया है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गर्म हवाएं चलेंगी,पारा 48 डिग्री और हीट इंडेक्स 52 के पार जा सकता है। आज भी 60 जिलों में लू का अलर्ट है,मौसम विभाग के मुताबिक,अगले 3 से 4 दिन तक तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस वृद्धि दर्ज की जाएगी।

मंगलवार की बात करें तो प्रयागराज यूपी का सबसे गर्म जिला रहा, यहां अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। प्रदेश के सबसे गर्म शहरों में प्रयागराज टॉप पर रहा। मंगलवार को महीने का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया,यहां पारा 47 डिग्री को पार कर गया,आगरा में 17 जून तक भीषण गर्मी का अलर्ट है,कानपुर में गर्मी ने 52 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया,जहां सीजन का न्यूनतम तापमान सर्वाधिक 34.9 डिग्री रहा,बरेली में आज भी 43 डिग्री तापमान पहुंचने की आशंका है,अयोध्या में तेज धूप है यहां सुबह 10 बजे का तापमान 38 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां पारा 43 डिग्री तक पहुंच सकता है।

# सख्त कदम उठा रही सरकार इसकी आड़ में राजनीति न करें: मायावती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमलों पर सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की सहराहना की है साथ ही विपक्ष को नसीहत दी है। मायावती ने कहा कि जम्मू कश्मीर में अभी हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुई हैं। जिसमें अधिकांश एक वर्ग विशेष के निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया है अर्थात हमला किया गया है। यह अति दुःखद व निन्दनीय है। ऐसे आतंकी तत्वों को ढेर करने के लिए, सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा जो भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं यह सराहनीय है। बसपा इसका समर्थन करती है लेकिन इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना उचित नहीं है। बता दें कि रविवार रात को जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने एक बस पर हमला कर दिया था। जिससे बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिससे करीब 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 33 लोग घायल हो गए थे। वहीं, जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं।

## बीडा शहर का किया जा रहा है निर्माण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नोएडा की तर्ज पर झांसी जनपद में 33 ग्रामों की 35300 एकड़ भूमि का अर्जित कर एक आधुनिक सेल्फ सस्टेनेबल हैप्पी एंड हेल्दी इनवेस्टमेंट डेस्टीनेशन के रूप में बुंदेलखंड आद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बीडा शहर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर के मास्टर प्लान बनाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था सुर्बाना जुरॉग एवं सी.बी.आर.ई. का चयन किया गया है। सुरबाना जुरॉग, जिसका मुख्यालय सिंगापुर में है उनके द्वारा सिंगापुर शहर का मास्टर प्लान के साथ-साथ सुझॉ इंडस्टिंयल एरिया, चीन एवं अमरावती, किगाली, जी-4 सिटी शहरो के मास्टर प्लान के निर्मा ण की भी कार्यवाही की गई है। सी.बी.आर.ई. भी एक विश्व स्तरीय कंसल्टेंसी संस्था है जिसका मुख्यालय टेक्सस, अमेरिका में स्थित है, के द्वारा हाईटेक स्पेस सिटी, मलेशिया एवं शेन्डां-बिडकिन मेगा इंडस्टीयल पार्क, महाराष्ट्र प्रोजेक्ट पर कार्य किया गया है।

# डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में मात्र 549 में होगा 10 लाख का दुर्घटना बीमा

अवधनामा संवाददाता



- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है: कृष्ण कुमार

**लखनऊ।** महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 549 और 749 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का बीमा होगा। एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। डाक विभाग इसके लिए 13 जून को वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाज़ीपुर, बलिया ज़िलों में विशेष अभियान चलायेगा।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत, दोनों प्रकार के बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा। साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60,000 रुपए तक का आई.पी.डी खर्च और ओ.पी.डी में 30,000 रुपए तक का क्लेम मिलेगा। इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए 4 परामर्श की सुविधा होगी। वहीं, दोनों प्रीमियम बीमा में उपरोक्त सभी लाभों के अलावा दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख तक का खर्च, दस दिन अस्पताल में रोजाना का एक हजार खर्च, किसी अन्य शहर में रह रहे परिवार हेतु ट्रांसपोर्ट का 25,000 रूपए तक का खर्च और मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए 5,000 तक का खर्च मिलेगा। कहा कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। प्रीमियम खाता मात्र 200/- में प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्राहक का आधार नंबर एवम मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। ग्राहक का खाता बिना किसी दस्तावेज के दिए केवल बायोमेट्रिक के आधार पर तुरंत खुल जाता है।

# करहल विधानसभा सीट से अखिलेश का इस्तीफा



अवधनामा संवाददाता

- अब सांसद होने के नाते आप सभी जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठाऊंगा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इसके बाद उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना था तो उन्होंने करहल सीट छोड़ दी।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे के अनुसार यह इस्तीफा प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही स्वीकार करने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं। लालजी वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि विधायक पद से आज इस्तीफ़ा दे दिया हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को मेरा प्रणाम, आपने मुझे लम्बे समय तक सेवा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। अब सांसद होने के नाते आप सभी जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठाऊंगा। अखिलेश यादव यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। ऐसे में आने वाले समय में यह पद उनके चाचा विधायक शिवपाल सिंह यादव या फिर पीडीए के तीन विधायकों रामअचल राजभर, इंद्रजीत सरोज और कमाल अख्तर में से किसी एक को मिल सकता है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में सपा ने अकेले दम पर 37 और इंडिया गठबंधन की सहयोगी दल कांग्रेस के साथ मिलकर कुल 43 सीटों पर जीत दर्ज की है।

## नए सदस्यों के शपथ लेते ही परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हकदार होगी सपा

विधानसभा परिषद के 13 नवनिर्वाचित सदस्यों के शुक्रवार को शपथ लेते ही सपा उच्च सदन में भी नेता प्रतिपक्ष की हकदार हो जाएगी। इनमें तीन सदस्य सपा के हैं। नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सपा एमएलसी जासमीन अंसारी, शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, राजेंद्र चौधरी और लाल बिहारी यादव आगे बताए जा रहे हैं। बता दें कि पांच मई तक सपा के विधान परिषद में नौ सदस्य थे, जोकि सदन की कुल संख्या के 10 प्रतिशत से कम थे। नतीजतन, विधान परिषद में सपा को नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं दिया गया था। मानक के अनुसार नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत सदस्य होने चाहिए। विधान परिषद में पांच मई को रिक्त हुए 13 पदों के लिए पहले ही मार्च में आयोग ने चुनाव करा लिए थे। इसमें 10 सीटें भाजपा और उनके सहयोगियों को मिलीं। जबकि तीन सदस्य सपा के बनें। इस तरह से उच्च सदन में सपा के सदस्यों की संख्या 12 हो गई है, जोकि नेता प्रतिपक्ष के पद के लिहाज से नए सदस्यों के शपथ लेने के बाद प्रभावी होगी। माना जा रहा है कि सपा विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का पद किसी मुस्लिम को दे सकती है। उस स्थिति में जासमीन अंसारी और गुड्डू जमाली का नाम आगे चल रहा है।

# बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के कक्षा-6 के प्रतिभाशाली छात्र अविरल गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अविरल ने यह गोल्ड मेडल 28 किग्रा भार वर्ग में जीता है।

प्रतियोगिता का आयोजन बाक्सिंग एसोसिएशन, लखनऊ के तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अविरल के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. चौक कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने दमखम व उत्कृष्ट तकनीक की बदौलत शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने का गौरव हासिल किया। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।